जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**Being A Blackbuck**

Barbed wire fences draped sporadically with old sarees and other cloth that flap in the crisp breeze. Young fawns get spooked by this movement, but the older does and bucks know that they are harmless

**The Journey of "Babul Mora Naihar Chhuto Hi Jaye"**

# राहुल गांधी को अपना नया युवा जाट नेता मिल गया हरियाणा में?

## पूर्व आईएएस अफसर तथा वरिष्ठ नेता चौधरी बीरेन्द्र सिंह के पुत्र बृजेन्द्र सिंह गत छः माह से प्रदेश में पदयात्रा पर थे तथा राहुल गांधी पदयात्रा के समापन समारोह में शामिल होने कल विशेष रूप से गुडगाँव आ रहे हैं

- **उल्लेखनीय बात यह है कि हरियाणा के पार्टी संगठन ने इस पदयात्रा में कोई सहयोग नहीं किया, बल्कि तर्क दिया कि यह कोई पार्टी द्वारा ''स्वीकृत'' पद यात्रा नहीं थी।**
- **पर, राहुल समापन समारोह में आएंगे तथा रोड शो के बाद आम सभा को संबोधित भी करेंगे।**
- **मैसेज साफ है कि राहुल ने हरियाणा में, हूडा परिवार का विकल्प ढूंढ लिया है तथा ''स्टेयरिंग व्हील'' अब बीरेन्द्र सिंह के हाथ में आएगी तथा पुराने वरिष्ठ नेता अब गाड़ी की पिछली सीट पर बैठने के लिए तैयार हो जाएं।**
- **हरियाणा की कांग्रेस इकाई में आने वाले समय में काफी धूम धड़ाका होने के पूरे आसार हैं।**

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 7 मई। राहुल गांधी और हरियाणा में पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं की पूरी श्रृंखला आमने सामने है और इसे एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में पेश किया जा रहा है।

पूर्व आईएएस अधिकारी और पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ नेता चौधरी बीरेन्द्र सिंह के पुत्र, पिछले 6 महीनों से 85 विधानसभा क्षेत्रों की पदयात्रा कर रहे है।

पार्टी ने उनकी इस यात्रा को कोई समर्थन देने से इनकार कर दिया, और कहा कि यह कोई मान्यता प्राप्त कांग्रेस यात्रा नहीं है।

लेकिन बृजेन्द्र सिंह राहुल गांधी के संपर्क में रहे हैं और हर मायने में उनके समर्थन और आशीर्वाद से लैस हैं।

कल जब यात्रा गुरुग्राम में समाप्त होगी, राहुल गांधी उस समापन कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

उनके लिए 800 मीटर का रोड शो होगा, इसके बाद एक तरह की जनसभा होगी, जिसमें वे भाषण देंगे।

हो सकता है कि भाषण में बृजेन्द्र सिंह का नाम कांग्रेस पार्टी में नए उत्तराधिकारी के रूप में नहीं लिया जाये, जो पार्टी की कमान संभालेगा, लेकिन सभी संकेत यह दर्शाते हैं कि राहुल अब हरियाणा कांग्रेस के सिंहासन के लिए नए वारिस पर ध्यान केन्द्रित कर चुके हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तमिलनाडु में गवर्नर ने विजय से फिर बात की

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 7 मई। तमिलनाडु में आज का दिन राजनैतिक रूप से तनावपूर्ण रहा, क्योंकि टीवीके सरकार के गठन में देरी हो रही है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर ने सी जोसेफ विजय को बताया कि उनकी पार्टी के पास अभी विधानसभा में सरकार बनाने के लिए पर्याप्त समर्थन नहीं है।

लोक भवन ने बताया कि राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ ने टीवीके अध्यक्ष सी. जोसेफ विजय को गुरुवार को लोक भवन में आमंत्रित किया। यह दोनों के बीच बुधवार के बाद दूसरी मुलाकात थी।

- **पर इस बार भी उन्होंने विजय से बहुमत का प्रमाण मांगा, इसी बीच द्रमुक व अन्नाद्रमुक के मिलकर सरकार बनाने की बात भी चली, पर दोनों दलों ने इससे इन्कार कर दिया।**

गुरुवार को विजय ने राज भवन में लगभग 40 मिनट बिताए, इससे एक दिन पहले उन्होंने कांग्रेस का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा था।

बैठक के दौरान, राज्यपाल ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'कोई भी दिल्ली से आया डैडी आपको बचा नहीं पाएगा'

## अभिषेक बनर्जी, ममता के भतीजे द्वारा चुनाव सभा में तृणमूल विरोधियों को दी गई धमकी को ''सफलता'' से पूरा किया गया?

- **शुभेन्दु अधिकारी के निजी सचिव चंद्रनाथ की उनके घर से पचास मीटर दूर, सुनियोजित तरीके से हत्या कर दी गई, उनकी कार को सकड़ी गली में एक गाड़ी द्वारा रास्ता रोक कर रोका गया, फिर दो मोटर साईकिलों पर आए युवकों ने उन पर गोलियां बरसा दीं।**
- **माहौल इतना विषाक्त है कि कोलकाता-दिल्ली फ्लाइट पर उनकी नज़दीकी महुआ मोइत्रा को देखकर यात्रियों ने उन्हें घेर लिया व ममता बनर्जी व अभिषेक के खिलाफ नारेबाजी की।**
- **क्या, इन सुनियोजित हिंसक घटनाओं का मकसद, भाजपा को एक बेअसर सत्तारूढ़ दल के रूप में प्रस्तुत करना है, जो अशांत बंगाल को मजबूत सरकार देने की क्षमता नहीं रखता।**

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 7 मई। हाल ही में हुए उथल-पुथल भरे चुनाव के तुरंत बाद, पश्चिम बंगाल भारी हिंसा से त्रस्त है पर उस समय सभी सन्न रह गए जब एक युवक की हृदय विदारक हत्या की खबर फैली। यह युवक शुभेन्दु अधिकारी के पर्सनल असिस्टैंट (पी.ए.) के रूप में कार्यरत था, जो संभावित मुख्यमंत्री हैं।

इस हत्या को राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा जा रहा है और संदेह की सुई पूर्व में सत्तारूढ़ रही पार्टी, तृणमूल कांग्रेस की ओर मुड़ रही है, आम जनता अधिकांश नेता यही मानते हैं। पिछले पंद्रह वर्षों से सत्ता में रही पार्टी के खिलाफ गुप्त नफरत उबल रही है और इस हत्या ने उस कटुता को और बढ़ा दिया है।

हत्या के तरीके से स्पष्ट होता है कि यह सुनियोजित, और पेशेवर हत्यारों द्वारा की गई हत्या थी। चंद्रनाथ रात 10 बजे घर लौट रहे थे, जब उन्हें घर से मात्र 50 मीटर की दूरी पर रोका गया। सामने से एक कार उस सँकरी गली में आई और चंद्रनाथ की कार का रास्ता रोक दिया।

तुरंत बाद दो मोटरसाइकिलें चंद्रनाथ की कार के पास आईं और पीछे की सीट पर बैठे पीए पर कम से कम पांच गोलियाँ चला दीं।

भाजपा की शानदार जीत के ठीक बाद हुई इस हत्या को राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में देखा जा रहा है। स्वयं शुभेन्दु अधिकारी ने कहा कि उनके

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हैड काउन्टस से मु.मंत्री का चयन और जटिल हुआ केरल में

## वेणुगोपाल को 25, रमेश चैन्निथाला को 23, तथा सतीशन को 7 विधायकों का समर्थन मिला

- **ओमान चांडी के पक्ष में 8 विधायक रहे, चांडी ने अपने विधायकों को हाईकमान के निर्देश की पालना के लिए छोड़ दिया।**
- **सतीशन ने धमकी दी कि अगर किसी गैर विधायक को मु.मंत्री बनाया गया तो वे सरकार में कोई पद नहीं लेंगे। पर, विधायक बने रहेंगे।**
- **के.सी. वेणुगोपाल, स्वयं मु.मंत्री बनने को लालायित हैं, पर, ऐसा हुआ तो पार्टी में भारी समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। और यहाँ तक कि विभाजन व विघटन होने की संभावना भी बन सकती है।**
- **गांधी परिवार भी वेणुगोपाल के बारे में एकमत नहीं है।**
- **दो पर्यवेक्षक माकन व वासनिक भी देर रात केरल से लौट आए, पर, मामला अभी भी काफी उलझा है।**

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 7 मई। केरल में कांग्रेस नेतृत्व फंसा हुआ है।

राहुल गांधी ने केरल में समर्थन का जायज़ा लेना चाहा। ऑब्ज़र्वरों ने सभी सांसदों से व्यक्तिगत बैठकें कीं, लेकिन नतीजे समस्या ज्यादा बन गए और समाधान कम।

के. सी. वेणुगोपाल के पास 25 विधायक थे। रमेश चेनिन्थला के पास 23 और वी. डी. सतीशन के पास 7 तथा ओमान चांडी समूह के पास 8 विधायक थे, जिन्होंने निर्णय हाई कमान पर छोड़ दिया।

वी. डी. सतीशन ने कहा है कि अगर किसी और को मुख्यमंत्री बनाया गया, और वह गैर-विधायक (नॉन-एमएलए) हुआ, तो वे किसी पद पर नहीं रहेंगे, केवल विधायक के रूप में बने रहेंगे।

यूडीएफ के सदस्य जोसेफ ने सुझाव दिया है कि मुख्यमंत्री का चुनाव किसी विधायक (एमएलए) से ही किया जाना चाहिए।

के. सी. वेणुगोपाल मुख्यमंत्री बनने के लिए बहुत उत्सुक हैं, लेकिन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'विजय को तुरंत शपथ दिलाई जाए'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 7 मई। पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी ने तमिलनाडु में राज्यपाल के रुख को ''असंवैधानिक'' करार दिया है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी पार्टी के नेता के रूप में विजय को

- **पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी ने कहा, बहुमत साबित करने की जगह विधानसभा है, राज्यपाल बहुमत का प्रमाण नहीं मांग सकते हैं।**

शपथ दिलाई जानी चाहिए और उन्हें विधानसभा के पटल पर बहुमत साबित करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

रोहतगी ने जोर देकर कहा कि संवैधानिक प्रथा सदन में परीक्षण की मांग करती है, राज्यपाल को अग्रिम सबूत देने की नहीं, और जनादेश का सम्मान करने के लिए त्वरित कार्रवाई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चीन में दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को भ्रष्टाचार के आरोप में मौत की सज़ा

## चीन की सैन्य अदालत ने रिश्वत के मामले में यह सज़ा सुनाई

- **चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, जो चीन के स्टेट सैंट्रल मिलिटरी कमीशन के अध्यक्ष भी हैं, ने काफी अर्से से चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर सख्त कार्यवाही करते रहे हैं, और इस बहाने वे अपने तमाम विरोधियों को भी ठिकाने लगा रहे हैं।**

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 7 मई। चीन के सरकारी मीडिया की रिपोर्ट ने बताया कि एक कठोर कदम उठाते हुए, चीन ने अपने दो पूर्व रक्षा मंत्री वेई फेंगहे और ली शांगफू को भ्रष्टाचार के आरोप में गुरुवार को मौत की सजा सुनाई, जिसे दो साल की मोहलत के साथ स्थगित किया गया।

उनकी सजा चीन की सैन्य अदालत द्वारा अलग-अलग दी गई, ज्ञातव्य है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीन कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों पर भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सख्त रुख अपनाता रहा है।

शी, जो 2013 में राष्ट्रपति और राज्य केन्द्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष बनने के बाद से चीन के निर्विवाद नेता हैं, इस तरह की कठोर कार्रवाई के माध्यम से विपक्ष को खामोश करते आ रहे हैं।

सरकारी समाचार एजेंसी ''शिन्हुआ'' के अनुसार, वेई को रिश्वत लेने का दोषी पाया गया, जबकि ली को रिश्वत लेने और देने दोनों का दोषी ठहराया गया। यह जानकारी राज्य संचालित शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने अदालत के आदेशों का हवाला देते हुए दी।

वेई और उनके उत्तराधिकारी ली, जिन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग की निगरानी में कार्य किया, 2024 में सत्तारुढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित कर दिए गए थे। वे दोनों केन्द्रीय सैन्य आयोग के सदस्य भी रहे, जिसकी अध्यक्षता शी करते हैं।

वेई ने 2018 से 2023 तक रक्षा मंत्री के रूप में कार्य किया, जबकि ली केवल कुछ महीनों तक उनके उत्तराधिकारी बने।

वेई और ली, दोनों ही पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की महत्वपूर्ण रॉकेट (मिसाइल) फोर्स के प्रमुख रहे, जिसे 2015 में शी की सैन्य सुधार योजना के तहत स्थापित किया गया था।

वेई, जिन्होंने रॉकेट फोर्स का नेतृत्व इसके गठन से 2017 तक किया और बाद में रक्षा मंत्री बने, को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारतक लिया गया और पार्टी से निष्कासित कर दिया गया।

ली को रक्षा मंत्रालय के शीर्ष पद के लिए व्यक्तिगत रूप से शी ने चुना था।

ली के बर्खास्त होने के बाद, कई उच्च अधिकारियों को हटाया गया और उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये गये।

शी जिनपिंग 2012 में के सत्ता में आने के बाद से ही चीन में भ्रष्टाचार विरोधी एक व्यापक अभियान चलाया गया है, जिसमें एक मिलियन से अधिक अधिकारियों सहित, कई जनरलों को दंडित किया गया है।

# ट्रंप को रोकना पड़ा प्रोजैक्ट फ्रीडम

वॉशिंगटन, 07 मई। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अब भी खत्म नहीं हुआ है। इस बीच राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को एक और बड़ा झटका लगा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में फंसे व्यापारिक जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए शुरू किए जाने वाले 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' पर फिलहाल रोक लगा दी है।

- **असल में सऊदी अरब ने अमेरिका को अपने एयरस्पेस के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी है, इसलिए होर्मुज़ में फंस जहाजों को निकालने का ''प्रोजैक्ट फ्रीडम'' ट्रंप को रोकना पड़ा।**

बताया जा रहा है कि सऊदी अरब ने अमेरिकी विमानों को अपने एयरबेस और एयरस्पेस के इस्तेमाल की अनुमति देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद यह फैसला लिया गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका की योजना थी कि उसकी नौसेना होर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को सुरक्षा प्रदान करे। इसके लिए अमेरिकी विमानों को रियाद के दक्षिण-पूर्व स्थित प्रिंस सुल्तान एयरबेस का इस्तेमाल करना था। हालांकि, सऊदी अरब ने इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस मुद्दे पर सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से भी बातचीत की, लेकिन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इंटरनैशनल कोर्ट तक जाऊंगी, ममता बनर्जी ने धमकी दी

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 7 मई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है, जबकि

- **लेकिन कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि किसी देश के अंदरुनी मामले इंटरनैशनल कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में नहीं आते हैं, इसलिए ममता बनर्जी की धमकी निराधार है।**

उनकी तृणमूल कांग्रेस चुनाव हार गई है। उन्होंने केन्द्र में सत्ता में मौजूद भाजपा पर ''साजिश'' और जनादेश को ''लूटने'' का आरोप लगाया। शुरुआत में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या भाजपा शुभेन्दु अधिकारी को बंगाल में और हिमंता बिस्वा सरमा को असम में ''डम्प'' करेगी?

## भाजपा अब यह आंकलन करने में जुटी है कि अगर इन दोनों नेताओं को ''डम्प'' किया गया तो प्रतिशोध के रूप में ये कितनी हानि पहुँचा सकते हैं

- **हटाने या ''डम्प'' करने का मुख्य कारण शायद यह है कि दोनों नेताओं ने बहुत तीखे व कड़वे शब्द इस्तेमाल किए हैं, मुसलमानों के लिए।**
- **बाँग्लादेश ने चेतावनी दी है कि अगर मुसलमानों का नरसंहार हुआ तो हिंदुओं के साथ भी ऐसा हो सकता है, बाँग्लादेश में।**
- **साथ ही नरसंहार से प्र.मंत्री मोदी की अंतर्राष्ट्रीय छवि काफी ''डैमेज़'' (क्षतिग्रस्त) होती है।**
- **इंटैलिजैंस एजेंसियों से प्राप्त जानकारियों के अनुसार, चंद्रनाथ, शुभेन्दु अधिकारी का चौथा निजी सचिव था, जिसकी हत्या की गई है। अतः शुभेन्दु अधिकारी को डम्प करने की बात पर विचार हो रहा है। लगभग यह ही छवि हिमंता बिस्वा सरमा की असम के संदर्भ में है।**

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 7 मई। अमित शाह मुश्किल में हैं। उन्हें बंगाल का अगले मुख्यमंत्री तय करने में परेशानी हो रही है।

दो दिन हो चुके हैं, जब उन्होंने खुद को पश्चिम बंगाल का ऑब्ज़र्वर घोषित किया था, लेकिन अब तक वे बंगाल नहीं पहुँचे हैं।

शपथ ग्रहण 9 मई को तय है, लेकिन अब तक किसी मुख्यमंत्री का नाम नहीं दिखाई दे रहा।

शुभेन्दु को फ्रंट रनर बताया गया था, लेकिन अब इस पर संदेह उठ रहे हैं। उनके चौथे निजी सहायक (पीए) की हत्या हुई है। इसने यह सवाल उठाया है कि असल में क्या चल रहा है।

सूत्रों का कहना है कि अमित शाह खुफिया एजेंसियों के संपर्क में हैं और वे शुभेन्दु को मुख्यमंत्री बनाने या नहीं बनाने के फायदे और नुकसान की जानकारी ले रहे हैं।

सवाल यह है कि अगर उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया तो वे कितना नुकसान कर सकते हैं और शुभेन्दु के मामले में संभावित परिदृश्य क्या हो सकते हैं।

सूत्रों का कहना है कि अमित शाह असम में हेमंत बिस्वा सरमा के मामले में भी यही अभ्यास कर रहे हैं, क्योंकि गंभीर अटकलें हैं कि वे मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें दोबारा नहीं देखना चाहेंगे।

सवाल वही है कि वे कितना नुकसान कर सकते हैं और क्या पार्टी उन्हें छोड़ने का जोखिम उठा सकती है।

बंगाल और असम दोनों में मुस्लिमों की हत्याओं और इन दो नेताओं द्वारा मुस्लिमों के खिलाफ की जा रही कठोर टिप्पणियों ने बांग्लादेश में तीव्र प्रतिक्रिया भड़काई है, साथ ही हिंदुओं पर बदले की कार्यवाही करने की धमकी भी दी गई है।

हत्याएँ और हिंसा नरेन्द्र मोदी की अंतरराष्ट्रीय छवि को नुकसान पहुँचा रही हैं, और इसका भाजपा और पश्चिम बंगाल व असम में उनकी हाल ही में मिली जीत पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

भारी परेशानी है, और अमित शाह जो केन्द्रीय गृहमंत्री और भाजपा की विजय के रचयिता है, उन्हें जिम्मेदारी लेनी ही होगी, चाहे निर्णय कितना भी दोषपूर्ण क्यों ना हो।

## विचार बिन्दु

**न्याय युक्त व्यवहार करना, सौंदर्य से प्रेम करना तथा सत्य की भावना को हृदय में धारण करके विनयशील बने रहना ही सबसे बड़ा धर्म है।**

**–डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन**

# राजस्थान 2050: स्थाई समृद्धि की योजना

राजस्थान, रेगिस्तान की भूमि, जहां थार के विशाल रेत टीले आकाश को छूते हैं और अरावली की पहाड़ियां शाश्वत गौरव की गाथा गाती हैं, हमेशा से ही संघर्ष और विजय की प्रतीक रहा है। यह राज्य, जो कभी राजपूताना के योद्धाओं की वीरता से गूंजता था, आज 21वीं सदी के दौर में एक नई क्रांति की दहलीज पर खड़ा है। 2050 तक राजस्थान को स्थाई समृद्धि का केंद्र बनाने की योजना न केवल एक दस्तावेज है, बल्कि एक संकल्प है एक ऐसा विजन जो आर्थिक उन्नित, सामाजिक न्याय, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक उत्थान को एक सूत्र में बांधता है। यह योजना राजस्थान की अनूठी भौगोलिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, जहां रेगिस्तान को हरित अभयारण्य में बदलना, जल संकट को अवसर में बदलना और युवा ऊर्जा को विकास का इंजन बनाना मुख्य लक्ष्य हैं।

इस योजना का आधार है सतत विकास का मॉडल, जो संयुक्त राष्ट्र के सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजी) से प्रेरित है। राजस्थान सरकार ने 2021 में शुरू की गई इस लॉन्ग-टर्म विजन को 2050 तक विस्तार दिया है, जिसमें जीडीपी को वर्तमान 15 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50 लाख करोड़ रुपये करने का लक्ष्य है। लेकिन यह केवल आंकड़ों की दौड़ नहीं है; यह राजस्थानी परिवारों की आय को दोगुना करने, बेरोजगारी दर को 3 प्रतिशत से नीचे लाने और हर गांव को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने का सपना है। योजना के केंद्र में है हरित राजस्थान अभियान, जो थार रेगिस्तान के 60 प्रतिशत हिस्से को वनाच्छादित करने का वादा करता है। इंदिरा गांधी नहर परियोजना के विस्तार से सिंचाई क्षेत्र को दोगुना किया जाएगा, जिससे कृषि उत्पादकता 300 प्रतिशत बढ़ेगी। कल्पना कीजिए, जहां आज रेत के टीले हैं, वहां 2050 तक फसलें लहलहा रही होंगी बाजरा, ज्वार और मूंगफली के साथ-साथ जैविक फल और सब्जियां।

कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए योजना में स्मार्ट फार्मिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। ड्रोन तकनीक से बीज बोना, एआई-आधारित मिट्टी परीक्षण और सौर ऊर्जा से चलने वाले ड्रिप इरिगेशन सिस्टम हर किसान तक पहुंचेंगे। राजस्थान के 70 प्रतिशत ग्रामीण आबादी को लाभान्वित करने के लिए किसान समृद्धि योजना के तहत 10 लाख ग्रीनहाउस स्थापित किए जाएंगे। इससे न केवल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि जल उपयोग 50 प्रतिशत कम होगा। इसके साथ ही, पशुपालन को आधुनिक बनाया जाएगा डेयरी फार्मिंग में जेनेटिकली इम्प्रूव्ड नस्लें जैसे होल्स्टीन-फ्रीजियन गायें और भेड़-बकरी पालन में उन्नत तकनीकें अपनाई जाएंगी। 2050 तक राजस्थान भारत का सबसे बड़ा जैविक कृषि उत्पादक राज्य बनेगा, जहां राजस्थानी थार ब्रांड वैश्विक बाजार में छाएगा। यह स्थाई समृद्धि का पहला स्तंभ है जमीन से जुड़ी आत्मनिर्भरता।

औद्योगिक विकास में राजस्थान 2050 योजना दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (डीएमआईसी) को अपनी रीढ़ बनाती है। जयपुर, अलवर, कोटा और भीलवाड़ा जैसे नोड्स को स्मार्ट इंडस्ट्रियल क्लस्टर्स में बदला जाएगा, जहां सौर ऊर्जा, विनिर्माण और आईटी हब फलेंगे-फूलेंगे। राज्य की सौर क्षमता 100 गीगावाट तक पहुंचेगी, जो भारत की कुल सौर ऊर्जा का 25 प्रतिशत होगी। उदाहरणस्वरूप, भादला सोलर पार्क को 10 गुना विस्तार देकर विश्व का सबसे बड़ा सोलर हब बनाया जाएगा। यह योजना हरित ऊर्जा से न केवल ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि 50 लाख नौकरियां पैदा करेगी। सीमेंट और निर्माण उद्योग, जो राजस्थान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, को ग्रीन टेक्नोलॉजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्बन कैप्चर तकनीक से उत्सर्जन शून्य होगा, जिससे राज्य पर्यावरण-अनुकूल निर्माण का वैश्विक केंद्र बनेगा। स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए राजस्थान इनोवेशन फंड स्थापित होगा, जो युवा उद्यमियों को 1 लाख करोड़ रुपये का निवेश उपलब्ध कराएगा।

**राजस्थान 2050 स्थाई समृद्धि की योजना एक सपना नहीं, वास्तविकता का खाका है। यह राज्य को भारत का इंजन बनाएगा, जहां हर राजस्थानी गर्व से कहेगा हमारा रेगिस्तान फूलों की घाटी है। आइए, इस विजन को साकार करें, क्योंकि स्थाई समृद्धि का आधार है संकल्प और कर्म। यह योजना चुनौतियों से भरी है जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या दबाव और वैश्विक मंदी। लेकिन राजस्थान की योद्धा भावना इन्हें पार कर लेगी।**

पर्यटन क्षेत्र राजस्थान की सांस्कृतिक संपदा को स्थाई समृद्धि का माध्यम बनाएगा। जयपुर का हवा महल, उदयपुर की झीलें, जोधपुर का मेहरानगढ़ किला और जैसलमेर का सोनार किला-ये न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेंगे, बल्कि इको-टूरिज्म के माध्यम से स्थानीय समुदायों को सशक्त करेंगे। 2050 तक 10 करोड़ पर्यटकों का लक्ष्य है, जिसमें 40 प्रतिशत इको-टूरिज्म से आएंगे। रेगिस्तान सफारी को सस्टेनेबल बनाया जाएगा, जहां ऊंट दौड़ के साथ वन्यजीव संरक्षण जुड़ेगा। सांस्कृतिक विरासत को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ले जाया जाएगा-वर्चुअल रियलिटी से किले घूमना संभव होगा। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देकर होमस्टे और हेरिटेज विलेज विकसित होंगे, जिससे गांवों की आय दोगुनी हो जाएगी। यह योजना राजस्थानी कला, संगीत और हस्तशिल्प को वैश्विक ब्रांड बनाएगी, जैसे बंधेज, ब्लॉक प्रिंट और मिनिएचर पेंटिंग।

शिक्षा और कौशल विकास बिना स्थाई समृद्धि अधूरी है। राजस्थान 2050 में हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए 5000 नए स्कूल और 100 विश्वविद्यालय खोले जाएंगे। वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर्स में एआई, रोबोटिक्स, सोलर टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के कोर्स होंगे। लड़कियों की शिक्षा पर विशेष जोर होगा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ 2.0 से लिंगानुपात 1:1 होगा। डिजिटल शिक्षा को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए स्टारलिंक जैसी सैटेलाइट तकनीक अपनाई जाएगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान राजस्थान योजना से हर नागरिक को मुफ्त इलाज मिलेगा, जिसमें टेलीमेडिसिन और एआई-आधारित डायग्नोसिस शामिल होंगे। 2050 तक जीवन प्रत्याशा 80 वर्ष हो जाएगी। बुजुर्गों के लिए वरिष्ठ सम्मान योजना चलेगी, जो सामाजिक सुरक्षा और एक्टिव एजिंग को बढ़ावा देगी।

जल प्रबंधन राजस्थान की सबसे बड़ी चुनौती है, लेकिन योजना इसे अवसर में बदल देगी। नर्मदा-चंबल लिंक परियोजना से 50 प्रतिशत जल संकट हल होगा। वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बनाया जाएगा, और डिसेल वाटर रिसाइक्लिंग प्लांट हर शहर में होंगे। थार में डिसेलिनेशन प्लांट से समुद्री जल मीठा किया जाएगा। इससे न केवल पेयजल उपलब्ध होगा, बल्कि उद्योगों के लिए भी। नदी पुनरुद्धार अभियान से बनास, लूनी और साबरमती बहेंगी, जो जैव विविधता बढ़ाएंगी।

सामाजिक समावेशन योजना का हृदय है। अनुसूचित जाति-जनजाति, महिलाओं और दिव्यांगों के लिए विशेष कोटा और योजनाएं होंगी। महिला सशक्तिकरण फंड से 1 करोड़ महिलाओं को उद्यमी बनाया जाएगा। युवाओं के लिए युवा राजस्थान कार्यक्रम में स्पोर्ट्स, एंटरप्रेन्योरशिप और लीडरशिप ट्रेनिंग होगी। शहरीकरण को नियोजित रखा जाएगा-स्मार्ट सिटीज जैसे जयपुर 2.0 में ग्रीन बिल्डिंग्स, इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्ट और जीरो वेस्ट मॉडल अपनाया जाएगा।

परिवहन नेटवर्क विश्वस्तरीय होगा। हाई-स्पीड रेल दिल्ली से जैसलमेर जोड़ेगी, जबकि हाइपरलूप जैसी तकनीकें परीक्षण होंगी। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देकर वायु प्रदूषण शून्य होगा। डिजिटल राजस्थान में 100 प्रतिशत ब्रॉडबैंड कवरेज होगा, जो ई-गवर्नेंस और ई-कॉमर्स को गति देगा।

2050 का राजस्थान केवल आर्थिक शक्ति नहीं, बल्कि सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक होगा। लोक देवताओं की परंपरा, मरुस्थलीय जीवनशैली और आध्यात्मिकता को आधुनिकता से जोड़ा जाएगा। पुष्कर मेला, तीज त्योहार और गणगौर जैसे उत्सव वैश्विक आयोजन बनेंगे। कला अकादमियां डिजिटल प्लेटफॉर्म पर राजस्थानी चित्रकला और कविता को फैलाएंगी।

यह योजना चुनौतियों से भरी है जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या दबाव और वैश्विक मंदी। लेकिन राजस्थान की योद्धा भावना इन्हें पार कर लेगी। सरकार, निजी क्षेत्र, एनजीओ और नागरिकों का सहयोग जरूरी है। नीतिगत सुधार जैसे एक्ट ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और जीएसटी 2.0 इसे गति देंगे।

राजस्थान 2050 स्थाई समृद्धि की योजना एक सपना नहीं, वास्तविकता का खाका है। यह राज्य को भारत का इंजन बनाएगा, जहां हर राजस्थानी गर्व से कहेगा हमारा रेगिस्तान फूलों की घाटी है। आइए, इस विजन को साकार करें, क्योंकि स्थाई समृद्धि का आधार है संकल्प और कर्म।

**–अतिथि संपादक,**
**अविनाश जोशी,**
**वरिष्ठ पत्रकार एवं कॉरपोरेट सलाहकार**

# जय सोमनाथ !



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**

वर्ष 2026 की शुरुआत में मुझे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला। यह सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद भी मंदिर के शाश्वत और अविनाशी होने का पर्व था। अब 11 मई को मुझे एक बार फिर सोमनाथ जाने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। इस बार यह यात्रा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में है। मैं उस क्षण को फिर जीने जा रहा हूं जब भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी ने मंदिर का लोकार्पण किया था। उस दिन, सोमनाथ में विध्वंस से सृजन तक की यात्रा फिर से जीवंत होगी। छह महीनों के भीतर सोमनाथ के इतिहास से जुड़े इन दो अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ावों का साक्षी बनना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है।

सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनूभूति कराता है। इसकी लहरें हमें सिखाती हैं कि तूफान चाहे कितने भी विकराल क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है। तट से टकराती लहरें सदियों से यह उद्घोष कर रही हैं कि मानवीय चेतना को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता है।

हमारे प्राचीन शास्त्रों में लिखा है: प्रभासं च परिक्रम्य पृथिवीक्रमसंभवम्। अर्थात दिव्य प्रभास (सोमनाथ) की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है! जब लोग यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं, तब उन्हें उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का भी अनुभव होता है, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी। कई साम्राज्य आए और गए, समय बदला और इतिहास ने ढेरों उतार-चढ़ाव देखे, फिर भी सोमनाथ हमारे हृदय में हमेशा बना रहा।

यह समय उन असंख्य महान विभूतियों के स्मरण का भी है, जो क्रूर आक्रांताओं के सम्मुख अडिग रहे। लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों ने प्रभास को शैव दर्शन का महान केंद्र बनाया। चक्रवर्ती महाराज धारसेन चतुर्थ ने सदियों पहले वहां दूसरा मंदिर बनवाया था। समय की कठिन परीक्षा के बीच भीम प्रथम, जयपाल और आनंदपाल जैसे शासकों ने आक्रमणों के विरुद्ध अपनी सभ्यता की ढाल बनकर मंदिर की रक्षा की थी। ऐसा माना जाता है कि महान राजा भोज ने भी इस पावन स्थल के पुनर्निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया था। कर्णदेव सोलंकी और जयसिंह सिद्धराज ने गुजरात की राजनीतिक और सांस्कृतिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। भाव बृहस्पति, कुमारपाल सोलंकी और पाशुपताचार्यों ने इस तीर्थ को आराधना और ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित करने में अमूल्य योगदान दिया। विशालदेव वाघेला और त्रिपुरांतक ने इसकी बौद्धिक और आध्यात्मिक परंपराओं की रक्षा की। महिपाल चूड़ासमा और राव खंगार चूड़ासमा ने विध्वंस के बाद पूजा-पाठ की परंपरा को पुनर्जीवित किया। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300वीं जयंती मनाई जा रही है, उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा। बड़ौदा के गायकवाड़ों ने तीर्थयात्रियों के अधिकारों की रक्षा की। इसके साथ ही हमारी यह धरती वीर हमीरजी गोहिल, वीर वेगड़ाजी भील जैसे पराक्रमियों से धन्य हुई है। उनके साहस और बलिदान को आज भी याद किया जाता है।

1940 के दशक में स्वतंत्रता की भावना पूरे भारत में फैल रही थी। सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में स्वतंत्र भारत की नींव रखी जा रही थी। ऐसे में एक बात जो उन्हें बहुत व्यथित करती थी, वह थी- सोमनाथ की दुर्दशा। 13 नवंबर 1947 को, दिवाली के समय, उन्होंने सोमनाथ के जर्जर अवशेषों के सामने खड़े होकर, समुद्र का जल हाथ में लेकर संकल्प लिया, ''इस (गुजराती) नववर्ष पर हमारा निश्चय है कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण होगा। सौराष्ट्र के लोगों को इसके लिए हर तरह से अपना योगदान देना होगा। यह एक पावन कार्य है, जिसमें हर किसी को भागीदारी निभानी होगी।'' उनके इस आ ान ने सिर्फ गुजरात ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष को नए उत्साह से भर दिया।

दुर्भाग्यवश, सरदार पटेल अपने उस सपने को साकार होते नहीं देख सके, जिसके लिए उन्होंने स्वयं को समर्पित कर दिया था। इससे पहले कि जीर्णोद्धार के बाद सोमनाथ मंदिर भक्तों के लिए खुलता, उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। इसके बावजूद, प्रभास पाटन की पावन धरती पर उनका प्रभाव निरंतर महसूस किया जाता रहा है। उनके विजन को के.एम. मुंशी ने आगे बढ़ाया, जिन्हें नवानगर के जामसाहेब का समर्थन मिला। 1951 में मंदिर का पुनर्निर्माण पूरा होने पर राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के विरोध के बावजूद, डॉ. प्रसाद ने समारोह में हिस्सा लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया।

मुझे अक्टूबर 2001 का वह समय आज भी अच्छे से याद है, जब मैंने मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभाला था। 31 अक्टूबर 2001 को, सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर गुजरात सरकार ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की 50वीं वर्षगांठ का भव्य आयोजन किया। इसी समय सरदार पटेल की 125वीं जयंती भी मनाई जा रही थी। इस कार्यक्रम में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी और तत्कालीन गृहमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी जी की मौजूदगी ने इसे और भी गरिमापूर्ण बना दिया।

11 मई 1951 को अपने भाषण में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर दुनिया को यह संदेश देता है कि अद्वितीय श्रद्धा और विश्वास को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि यह मंदिर सदैव लोगों के हृदय में बसा रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर के पुनर्निर्माण से सरदार पटेल का सपना साकार हुआ है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि सरदार पटेल की भावनाओं के अनुरूप लोगों के जीवन में समृद्धि भी लानी होगी। इसको लेकर उनके संदेश अत्यंत प्रेरणादायी रहे हैं।

पिछले एक दशक से हम इसी मार्ग पर चल रहे हैं। 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र से प्रेरित होकर सोमनाथ से काशी, कामाख्या से केदारनाथ, अयोध्या से उज्जैन और त्रयंबकेश्वर से श्रीशैलम तक, हमने अपने आध्यात्मिक केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया है। इसके साथ ही उनकी पारंपरिक पहचान को भी बनाए रखा है। आज बेहतर कनेक्टिविटी से ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आ पा रहे हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है, आजीविका सुरक्षित हो रही है, साथ ही 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना और सशक्त हो रही है।

सोमनाथ की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान किया, उनका संघर्ष हम कभी नहीं भुला सकते। भारत के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने इसकी भव्यता और दिव्यता को लौटाने में अपना अद्भुत योगदान दिया। उनकी ऐसी ही आस्था पूरे भारतवर्ष को लेकर भी थी। वे एकता की ऐसी अद्भुत डोर से बंधे थे, जिसे जमीनी सीमाओं में नहीं बांटा जा सकता। आज की विभाजित दुनिया में, सोमनाथ से मिलने वाली एकता की यह सीख पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। सोमनाथ अपनी गौरवशाली परंपरा के साथ हमेशा खड़ा रहेगा, क्योंकि यह हमारी साझा सभ्यता का प्रतीक है। इसी गौरव को नमन करते हुए बलिदान देने वाले वीरों की स्मृति में और दानवीरों की उदारता को याद करते हुए अगले एक हजार दिनों तक यहां विशेष पूजा आयोजित की जाएगी। यह देखकर बहुत प्रसन्नता हो रही है कि बड़ी संख्या में लोग इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं।

सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि जब कोई समाज अपनी आस्था, अपनी संस्कृति और अपनी एकता से जुड़ा रहता है, तब उसे लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। आज भी हमारी सबसे बड़ी शक्ति यही साझा चेतना है, यही एकात्म भाव है। यही भावना हमें विभाजन से ऊपर उठकर राष्ट्रिहत में साथ चलने की प्रेरणा देती है।

मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं कि इस पावन अवसर पर पवित्र सोमनाथ धाम की यात्रा करें और इसकी भव्यता के साक्षात दर्शन करें। जब आप सोमनाथ के तट पर खड़े होंगे, तब उसकी प्राचीन प्रतिध्वनियों को अपने भीतर महसूस करेंगे। वहां आपको केवल भक्ति का अनुभव नहीं होगा, बल्कि उस सभ्यतागत चेतना की सशक्त धड़कन भी सुनाई देगी, जो कभी रुकी नहीं, जिसकी तीव्रता कभी कम नहीं हुई। वहां आप भारत की उस अपराजित आत्मा का अनुभव करेंगे, जिसने हर आघात के बावजूद अपनी पहचान और अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखा। आप समझ पाएंगे कि इतने प्रयासों के बाद भी क्यों हमारी सभ्यता मिट नहीं सकी। वहां आपको चिर विजय के उस दर्शन का अनुभव होगा, जो सदियों से भारत की शक्ति बना हुआ है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके लिए यह एकअविस्मरणीय अनुभव होगा।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**

# मूर्खता नहीं, मेहनत का महाकाव्य है गधा

## विश्व गदर्भ दिवस (8 मई) पर विशेष.......



**डॉ. कैलाश चन्द सैनी**

गधा केवल एक पशु नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के विकास का वह मूक साक्षी है जिसने दुर्गम रास्तों पर श्रम की नई इबारत लिखी। विडंबना देखिए कि जिस प्राणी ने हमें प्रगति की राह पर आगे बढ़ाया, हमने उसे ही मूर्खता का विशेषण बना दिया। 8 मई 'विश्व गदर्भ दिवस' पर विशेष विश्लेषण-उपेक्षा के मुहावरों को पीछे छोड़, इस निष्ठावान और परिश्रमी साथी केद्ध प्रति सम्मान की पुनर्स्थापना का सटीक संकल्प।

मानव समाज में 'गधा' शब्द का प्रयोग लंबे समय से मूर्खता के विशेषण के रूप में होता रहा है। किसी की बुद्धि पर प्रश्नचिह्न लगाना हो तो उसे इस जीव की संज्ञा दे देना मानो एक सहज भाषाई प्रवृत्ति बन गई है। किंतु, यदि हम ठहरकर विचार करें, तो क्या यह तिरस्कार वास्तव में न्यायोचित है? वास्तव में, जिस जीव को हमने अपनी शब्दावली में अपमान का पर्याय बना दिया, वह प्रकृति के सबसे परिश्रमी, धैर्यवान और सहनशील प्राणियों में से एक है। 8 मई को मनाया जाने वाला विश्व गदर्भ दिवस मात्र एक औपचारिक तिथि नहीं, बल्कि सदियों से जड़ जमा चुकी रूढ़ियों को चुनौती देने और इस मूक, किंतु समर्पित सहचर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है।

**साहित्यकारों की दृष्टि में ऋषि तुल्य धैर्य का प्रतीक :**-गधे के प्रति समाज में प्रचलित दृष्टिकोण पर साहित्यकारों और चिंतकों ने सदैव गहन और मार्मिक कटाक्ष किया है। कथा-सम्राट मुंशी प्रेमचंद ने अपनी प्रसिद्ध रचना 'दो बैलों की कथा' में गधे की तुलना ऋषि-मुनियों से करते हुए लिखा है कि ''गधे में ऋषि-मुनियों के जितने गुण हैं, वे अपनी पराकाष्ठा पर पहुँच चुके हैं'' पर मनुष्य उसे मूर्ख कहता है। यह कथन गधे की उस असाधारण सहनशीलता की ओर संकेत करता है, जिसे मनुष्य ने उसकी कमजोरी मान लिया है। इसी प्रकार व्यंग्य के पुरोधा हरिशंकर परसाई की दृष्टि में गधा एक ऐसे 'दार्शनिक' का रूप ले लेता है, जो संसार के कोलाहल, तिरस्कार और विडंबनाओं के बीच भी अपने कर्म-पथ से विचलित नहीं होता। उसमें एक अद्भुत स्थिरता है- एक ऐसा मौन, जो बहुत कुछ कहता है।

शायरों और साहित्यकारों ने भी इस विडंबना को सूक्ष्मता से उकेरा है कि बोझ भले ही यह जीव उठाता है, पर अपनी कमियों को ढँकने के लिए मनुष्य ही उसे 'गधा' कहकर स्वयं को श्रेष्ठ सिद्ध करने का असफल प्रयास करता है। साहित्यकारों का यह विचार हमें सचेत करता है कि गधा मूर्खता का प्रतीक नहीं, बल्कि धैर्य, संतोष और निष्ठा का सजीव प्रतिरूप है – एक ऐसा चरित्र, जो उपेक्षित होकर भी अपने कर्म में अडिग रहता है।

**बुद्धिमत्ताः सतर्कता, जिसे हमने 'जिद' समझ लिया**

गधों की बुद्धिमत्ता को लेकर समाज में व्याप्त धारणा वस्तुतः एक गहरा भ्रम है। वैज्ञानिक अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि गधों की स्मरण शक्ति अत्यंत प्रखर होती है; वे वर्षों पूर्व देखे गए मार्गों, स्थानों और साथियों को पहचानने की क्षमता रखते हैं। जिस व्यवहार को आम बोलचाल में गधे की जिद या अड़ियल स्वभाव कहकर उपहास का विषय बनाया जाता है, वह दरअसल उसकी स्वाभाविक सतर्कता और विवेकशीलता का परिचायक है। घोड़े के विपरीत, गधा किसी संभावित खतरे को भांप ले तो वह आगे बढ़ने से इनकार कर देता है। यह उसका अड़ियलपन नहीं, बल्कि परिस्थितियों का विवेकपूर्ण आकलन है – एक ऐसी समझ, जो उसे अनावश्यक जोखिम से बचाती है।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमिः-** सभ्यता के अदृश्य आधारस्तंभ मानव सभ्यता के विकास की कहानी गधों के योगदान के बिना अधूरी है। जब परिवहन के आधुनिक साधन विकसित नहीं हुए थे, तब यही जीव व्यापारिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का प्रमुख माध्यम बना। मिस्त्र के पिरामिडों के निर्माण से लेकर सिंधु घाटी सभ्यता के व्यापारिक विस्तार तक, गधों ने दुर्गम मार्गों पर भार वहन कर आर्थिक गतिविधियों को गति प्रदान की। प्रसिद्ध सिल्क रोड पर ऊंटों के साथ-साथ गधों ने भी हजारों मील लंबी यात्राएं कर विभिन्न संस्कृतियों और सभ्यताओं को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गधे वास्तव में इतिहास के वे मौन नायक हैं, जिनकी उपस्थिति अनिवार्य थी, किंतु जिनकी चर्चा अक्सर इतिहास के हाशिए पर सिमटकर रह गई।

**राजस्थान के विशेष संदर्भ में प्रासंगिकता :** -यद्यपि आधुनिक युग में मशीनीकरण ने परिवहन और श्रम के स्वरूप को बदल दिया है, फिर भी गधों की प्रासंगिकता समाप्त नहीं हुई है। विशेषकर भारत के ग्रामीण अंचलों और राजस्थान जैसे भौगोलिक विविधताओं वाले प्रदेशों में उनकी भूमिका आज भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ईंट-भट्टों, निर्माण कार्यों और उन दुर्गम पहाड़ी या संकरे क्षेत्रों में, जहाँ मशीनें नहीं पहुँच पातीं, वहाँ आज भी गधा ही श्रम का विश्वसनीय साधन है।

**सांस्कृतिक जुड़ावः** जयपुर जिले के लुनियावास गाँव में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला गधा मेला इस पशु के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व का जीवंत प्रमाण है। यह केवल एक व्यापारिक आयोजन नहीं, बल्कि लोक-जीवन में गधे की स्वीकृति और उसकी उपयोगिता का उत्सव भी है। शीतला माता के वाहन के रूप में इसकी धार्मिक प्रतिष्ठा भी उल्लेखनीय है।

**'डंकी थेरेपी' एवं औषधीय उपयोग :-** गधों की उपयोगिता अब केवल श्रम तक सीमित नहीं रही, बल्कि वह मानवीय संवेदना और उपचार के क्षेत्र तक विस्तारित हो चुकी है। गधे स्वभाव से अत्यंत शांत, सौम्य और सहनशील होते हैं। यही विशेषताएँ उन्हें डंकी थेरेपी के लिए उपयुक्त बनाती हैं। ऑटिज़्म, मानसिक तनाव या भावनात्मक चुनौतियों से जूझ रहे बच्चों के लिए यह थेरेपी आशाजनक परिणाम दे रही है। गधों की सहज उपस्थिति व्यक्ति में आत्मीयता, विश्वास और मानसिक संतुलन विकसित करने में सहायक सिद्ध होती है। वर्तमान समय में गधों के दूध की वैश्विक मांग भी तेजी से बढ़ रही है। औषधीय गुणों से युक्त यह दूध सौंदर्य प्रसाधनों के निर्माण के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी अनेक उपयोगों के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**पारिस्थितिक संतुलन में भूमिका :**-गधे केवल श्रम या उपयोगिता तक सीमित जीव नहीं हैं, बल्कि वे पारिस्थितिक संतुलन के भी महत्वपूर्ण घटक हैं। विशेष रूप से मरुस्थलीय और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में वे वनस्पति के प्रसार में सहायक होते हैं। उनकी अद्भुत सहनशक्ति और प्रतिकूल परिस्थितियों में जीवित रहने की क्षमता जलवायु परिवर्तन के वर्तमान संदर्भ में अध्ययन का विषय बनती जा रही है।

**दृष्टिकोण में परिवर्तन का संकल्प :** -विश्व गदर्भ दिवस हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि किसी भी प्राणी का मूल्यांकन हमारी पूर्वाठाहपूर्ण धारणाओं के आधार पर नहीं, बल्कि उसके वास्तविक योगदान और गुणों के आधार पर होना चाहिए। गधे की सहनशीलता को उसकी लाचारी और उसकी शांति को उसकी मूर्खता मान लेना हमारी वैचारिक संकीर्णता का परिचायक है। अब समय आ गया है कि हम अपनी भाषा और व्यवहार दोनों में परिवर्तन लाएँ। आइए, इस 8 मई को हम गधे को परिश्रम, निष्ठा और धैर्य के प्रतीक के रूप में पुनः स्थापित करने का संकल्प लें। परिश्रम जिसका आभूषण है, और धैर्य जिसका स्वभाव – वह गधा उपेक्षा का नहीं, सम्मान का पात्र है।

**- डॉ. कैलाश चन्द सैनी,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पूर्व मुख्य शोध एवं संदर्भ अधिकारी,**
**राजस्थान विधानसभा, जयपुर**

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**शुक्रवार 8 मई, 2026**

प्रथम ज्येष्ठ मास (शुद्ध), कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2083, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 9:20 तक, शुभ योग रात्रि 2:30 तक, वणिज करण दिन 12:22 तक, चन्द्रमा आज मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-मकर, मंगल-मीन, बुध-मेष, गुरू-मिथुन, शुक्र-वृष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज रवियोग रात्रि 9:20 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 9:20 से आरम्भ होगा। भद्रा दिन 11:22 से रात्रि 1:12 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 7:26 तक, लाभ-अमृत 7:26 से 10:44 तक, शुभ 12:23 से 2:02 तक, चर 5:20 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:48, सूर्यास्त 6:59



**मेष**

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेंगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।



**वृष**

नवीन कार्यों से संबंधित सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मिथुन**

आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।



**कर्क**

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या दूर हो सकती है। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।



**सिंह**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक सुविधाओं में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**कन्या**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।



**तुला**

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।



**वृश्चिक**

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।



**धनु**

परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मकर**

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार होगा।



**कुंभ**

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। आज वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।



**मीन**

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।




- सोमनाथ भारत की अजेय सभ्यता का प्रतीक है।
- 1000 वर्षों के विनाशकारी प्रहारों के बाद भी, सोमनाथ आज हमारे आत्म-सम्मान और साहस की मिसाल बनकर खड़ा है।
- 75 वर्ष पहले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से आधुनिक सोमनाथ का मार्ग प्रशस्त हुआ।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, आज यह पावन भूमि भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का उद्घोष कर रही है।



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

## इस स्वर्णिम अवसर के साक्षी बनें

### मुख्य गतिविधियां

कलश यात्रा | भजन संध्या | ॐकार मंत्र का जाप | सोमनाथ पुस्तिका में मंत्र लेखन सोमनाथ से जुड़ी कथाओं का वाचन

**श्री सोमनाथ मंदिर परिसर, प्रभास पाटन | 8 से 11 मई, 2026**

"सोमनाथ आशा का वह गीत है जो हमें सिखाता है कि सृजन की शक्ति विनाश से कहीं अधिक प्रबल होती है।"
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी (अध्यक्ष, श्री सोमनाथ ट्रस्ट)

राजस्थान संवाद

सोमनाथ की दिव्यता व भव्यता में दें योगदान और बनें गौरवशाली इतिहास का हिस्सा।
**स्कैन करें।**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

# कोटा मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल में एक और प्रसूता की मौत

## सरकार ने मरीजों को चढ़ाए गए ग्लूकोज, दवा, इंजेक्शन और एंटीबायोटिक को सीज किया, साथ ही इन दवाओं के बैच पर रोक लगाई

- **ऑपरेशन के बाद पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड में भर्ती कई महिलाओं की अचानक तबियत बिगड़ने से अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है**
- **जिला कलैक्टर ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों के परिजनों से बातचीत की, चिकित्सकों के साथ मीटिंग भी की**

**कोटा,** (निसं)। जिले के मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल में प्रसूताओं की जान पर बन आई है। ऑपरेशन के बाद पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड में भर्ती कई महिलाओं की अचानक तबियत बिगड़ने से अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। इस पूरे मामले में अब तक दो प्रसूताओं की मौत हो चुकी है। मृतक दोनों प्रसूताओं में किडनी फेल्योर की शिकायत हुई है। बीपी व ब्लड प्लेटलेट्स काउंट कम हो गए थे। साथ ही यूरिन पास होना बंद हो गया था। इस मामले में एक प्रसूता की पहले ही मौत हो चुकी है। इसके बाद अन्य प्रसूताओं को मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलियिटी ब्लॉक में शिफ्ट किया था। गुरुवार को दूसरी खबर आई, जब अनंतपुरा निवासी 20 वर्षीय ज्योति ने सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के नेफ्रोलॉजी आईसीयू में दम तोड़ दिया। ज्योति के पति रवि ने इस पूरे घटनाक्रम की पुष्टि की है। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नाराजगी भी जताई है।

इस मामले में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. निलेश जैन ने मौत की पुष्टि की है। उधर मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल में किडनी फेलियर से प्रसूताओं की तबीयत बिगड़ने और दो की मौत मामले में सरकार ने एक्शन लिया है। सरकार ने मरीजों को चढ़ाए गए ग्लूकोज, दवा, इंजेक्शन और एंटीबायोटिक को सीज किया गया है। साथ ही इन दवाओं के बैच पर रोक लगा दी है।

कोटा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेंद्र नागर का कहना है कि मरीजों को दी गई दवा, फ्लूड, एंटीबायोटिक और इंजेक्शन की पूरे राजस्थान में सप्लाई रुकवा दी गई है। राजस्थान सर्विस मेडिकल कमीशन लिमिटेड के जरिए यह सप्लाई हुई थी। इस बैच की पूरी सप्लाई को सीज करवाया गया है। सबके नमूने लेकर जांच करवाई गई हैं। जिला कलैक्टर पीयूष सामरिया ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों के परिजनों से बातचीत की। इसके अलावा चिकित्सकों के साथ मीटिंग भी की है। जयपुर से आई कमेटी के साथ भी चर्चा की है। मीडिया से बातचीत में सामरिया ने कहा कि मामला मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल में हुआ है। संदिग्ध दवा, फ्लूड, एंटीबायोटिक की जांच की जा रही है। मरीज को चढ़ाए गए फ्लूड, इंजेक्शंस और मरीजों के सैंपल टेस्ट किए जा रहे हैं। सभी के कल्चर टेस्ट भी करवाए जा रहे हैं। मृतक ज्योति का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। इसमें तबीयत बिगड़ने के कारण सामने आएंगे।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और आईसीयू स्टॉफ से बात की है। मरीजों की स्थिति क्रिटिकल बनी हुई है। वहीं दो प्रसूताओं की मौत भी हो गई है। यह भी गंभीर मामला है। पूरे मामले में जांच हो रही है। इसके फैक्ट्स के आधार पर सरकार दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। सभी मरीजों का बेहतर से बेहतर इलाज मिले, ऐसी कंसल्टेंसी दिलवा रहे हैं। कोशिश यह है कि जल्द रिकवरी हो। इंफेक्शन के कारणों की भी जांच कर रहे हैं। पूरी तरह डायग्नोसिस करवा रहे हैं। ऐसी स्थिति दोबारा नहीं हो इसके भी प्रयास किए जा रहे हैं। यह मेडिकल कॉलेज प्रतिष्ठा का सवाल है, इसके लिए एहतियात बरतनी चाहिए।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नीलेश जैन का कहना है कि दूसरी मरीज ज्योति की मौत हो गई है। दो अन्य की स्थिति में सुधार है। जबकि दो की स्थिति अभी भी क्रिटिकल है। उन्हें खतरे के बाहर नहीं कहा जा सकता है। लेकिन धीरे-धीरे मोस्ट प्रोबेबली ठीक हो जाएंगी। रेफर के सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर परिजनों की इच्छा होगी, तो रेफर कर देंगे। हालांकि पूरी सुविधाएं हमारे पास भी हैं। हम पूरे जी जान से उन्हें बचाने में लगे हुए हैं। जिम्मेदारी तय करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इंक्वारी कमेटी ने अभी जो रिपोर्ट दी है, उसमें कोई कारण नहीं मिला है। सबसे बड़ी बात यह है कि कारण समझ में नहीं आया है की तबीयत खराब क्यों हुई। जयपुर की टीम हमारे ट्रीटमेंट से काफी संतुष्ट हैं। हमने पहले से जो टेस्ट कराए थे उनकी रिपोर्ट भी अच्छी है।

मृतक ज्योति के पति रवि ने अस्पताल परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। साथ ही इस धरने में कांग्रेस नेता भी उनके साथ रहे। इस दौरान कांग्रेस के गणेश नगर मंडल अध्यक्ष चेतन सोलंकी ने अपना मुंडन करा लिया। कांग्रेस नेता विद्या शंकर गौतम के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन हुआ। उन्होंने मांग की है कि पीड़ितों को मुआवजा मिलें साथ ही इस मामले में दोषी डॉक्टरों और चिकित्साकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई हो।

# भरतपुर : इनामी बदमाश सद्दाम से पुलिस की मुठभेड़

## पैर में गोली लगने के बाद घायल बदमाश सद्दाम निवासी गांव घाटमीका को गिरफ्तार किया

- **फायरिंग से एक गोली पहाड़ी थाने पर तैनात कांस्टेबल नेतराम के सीने में लगी, बुलेट प्रूफ जैकेट से जान बची**

**भरतपुर,** (निसं)। डीग जिले के पहाड़ी थाना क्षेत्र में 70 हजार रूपये के इनामी बदमाश सद्दाम घाटमीका को पकड़ने के गई पुलिस की बदमाश से मुठभेड़ हो गई बदमाश ने पुलिस पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी बदमाश पर फायरिंग कर दी। बदमाश द्वारा की गई फायरिंग से एक गोली पहाड़ी थाने पर तैनात कांस्टेबल नेतराम के सीने में लगी, लेकिन बुलेट प्रूफ जैकेट पहने होने के चलते उसकी जान बच गई। वहीं दूसरी और पुलिस ने बदमाश को हिट फायर करता देख उसके पैर में गोली मार दी और उसे घायल अवस्था में दबोच लिया।

एसपी शरण गोपीनाथ ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि 70 हजार रुपए का इनामी बदमाश पार्टी थाना के गॉव घाटमीका निवासी सद्दाम बाइक पर सवार होकर अपने गांव घाटमीका जा रहा है, जिस पर एसपी द्वारा प्रशिक्षु आरपीएस नरेश कुमार चनेजा व पहाड़ी थाना अधिकारी योगेंद्र सिंह राजावत के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा धीमरी तिराहे पर नाकाबंदी की गई। इसी दौरान बदमाश आता हुआ दिखाई दिया। अपने आपको पुलिस से घिरा देखकर बदमाश ने छिपकर पुलिस पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग कर बदमाश सद्दाम निवासी गांव घाटमीका को दबोच लिया। उसके पैर में गोली लगी है। घायलवस्था में उसका उपचार भी कराया जा रहा है।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश पर भरतपुर रेंज पुलिस द्वारा 35000 रुपये, अलवर पुलिस द्वारा 25000 रुपये, दौसा पुलिस द्वारा 10000 रुपये का इनाम घोषित है बदमाश सद्दाम घटना का पर दौसा मानपुर थाने पर तैनात होमगार्ड को मारने व मालखेड़ा अलवर में पुलिस पर फायरिंग करने का भी मामला दर्ज था। आरोपी कुख्यात बदमाश पर करीब 23 अपराधिक मामले दर्ज हैं।

# अवैध बजरी भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**निवाई,** (निसं)। बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए बजरी से भरी हुई एक ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक लोडर को जब्त किया है। थानाधिकारी आरपीएस प्रो. कुसुम ने बताया कि गठित टीम ने गश्त के दौरान अकील धर्मकांटा के सामने से अवैध बजरी से भरी हुई एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक लोडर को जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान टीम में हेड कांस्टेबल रामबिलास, कांस्टेबल हेमराज व कांस्टेबल रामप्रसाद शामिल थे। जिन्होंने कार्रवाई करते हुए करीब 10 टन अवैध बजरी सहित दोनों वाहनों को जब्त किया है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली व लोडर के चालकों व मालिकों के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज किया है।

# न्यायालय के आदेश की अवहेलना पर नगर निगम पाली का कार्यालय सील

## जिला न्यायालय के आदेश पर कार्यवाही की गई, आयुक्त का वाहन कुर्क किया

- **लंबे समय तक पट्टा जारी नहीं होने पर परिवादी ने जिला न्यायालय पाली में वाद प्रस्तुत किया था**

**पाली,** (निसं)। जिला न्यायालय पाली के एक महत्वपूर्ण आदेश के तहत नगर निगम पाली के कार्यालय को सील कर दिया गया तथा आयुक्त का वाहन कुर्क कर न्यायालय की अभिरक्षा में लिया गया है। यह कार्यवाही न्यायालय के आदेश की अवहेलना के चलते की गई।

प्रकरण के अनुसार, परिवादी विनोद तेजी पुत्र गोपाल, निवासी 615 अशरफो रज़ा कॉलोनी, सोजत रोड, नया गांव पाली ने अपने भूखंड संख्या 615 का पट्टा जारी कराने हेतु नगर परिषद पाली में आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन लंबे समय तक पट्टा जारी नहीं होने पर परिवादी ने वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक अरोड़ा, पाली के माध्यम से जिला न्यायालय पाली में वाद संख्या 45/2022 (विनोद बनाम नगर परिषद पाली) प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के पश्चात जिला न्यायाधीश राजेंद्र कुमार ने 6 सितंबर 2025 को निर्णय पारित करते हुए नगर निगम को एक माह के भीतर परिवादी के पक्ष में पट्टा जारी करने का आदेश दिया था। इसके बावजूद नगर निगम द्वारा आदेश की पालना नहीं की गई। आदेश की अवहेलना पर परिवादी विनोद तेजी ने वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक अरोड़ा और ज्योति के माध्यम से न्यायालय में इजराय पेश कर नगर निगम की संपत्ति कुर्क करने का निवेदन किया। इस पर न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए तत्काल प्रभाव से नगर निगम कार्यालय की कुर्सियां, टेबल, एसी तथा आयुक्त के वाहन को कुर्क करने के आदेश जारी किए।

न्यायालय के आदेश पर सेल अमीन ने तुरंत कार्यवाही करते हुए नगर निगम कार्यालय को सील किया तथा आयुक्त का वाहन कुर्क कर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया, जिसे न्यायालय की अभिरक्षा में रखा गया है।

# रिश्वत लेते बिजलीकर्मी गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की अलवर प्रथम टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए जेवीवीएनएल किशनगढ़ बास ग्रामीण क्षेत्र के आंधाका फीडर कार्यालय में कार्यरत हेल्पर/लाइनमैन संदीप को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपित कर्मचारी परिवादी से वीसीआर नहीं भरने की एवज में रिश्वत मांग रहा था। एसीबी महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि परिवादी ने एसीबी चौकी अलवर में शिकायत दी थी कि उसके घर पर बिजली लाइन से तार डालने के मामले में 5 मई 2026 को विजिलेंस टीम पहुंची थी। इस दौरान संदीप कुमार लाइनमैन और एईएन ने घर की फोटो खींचकर वीसीआर भरने की कार्रवाई की। परिवादी के साथ उसके भाई और भतीजे के नाम भी वीसीआर भरने की बात कही गई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि परिवादी के घर पर अनुपस्थित रहने के बावजूद संदीप कुमार द्वारा वीसीआर नहीं भरने की एवज में 35 हजार रुपए रिश्वत मांगी जा रही थी।

# सीकर के जाजोद में सीएम भजनलाल शर्मा ने राजीविका से जुड़ी महिलाओं से संवाद किया



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम में महिलाओं ने स्वागत किया।

- **मुख्यमंत्री ने महिलाओं से राजीविका से जुड़कर सार्थक कार्य करने एवं सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की**

**सीकर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को सीकर जिले में खण्डेला के ग्राम जाजोद में ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सीकर के खण्डेला के जाजोद गांव में रात्रि विश्राम भी करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण से देश व प्रदेश मजबूत बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीविका से जुड़ी महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक संबल मिल रहा है। महिलाओं के बैंक सखी, कृषि सखी और पशु सखी बनने से सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। हमारी सरकार ने लखपति दीदी योजना में ऋण सीमा को बढ़ाकर 1.5 लाख तथा ब्याज को 1.5 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने महिलाओं से राजीविका से जुड़कर सार्थक कार्य करने एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। ग्रामीणों ने यमुना जल समझौते के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर ग्राम रथ और कला जत्थों का अवलोकन किया। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, विधायक सुभाष मील, गोरधन वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजीविका से जुड़ी महिलाओं से संवाद किया। महिलाओं ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर जीवन में आए सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों से जुड़े अनुभव साझा किए।

बैंक सखी पूनम शर्मा का कहना है कि मैं बैंक सखी बनी। 50 से अधिक महिलाओं का बीमा और 60 से अधिक महिलाओं को लोन दिलवाया। इससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी। मेरी पहचान अब बैंक वाली दीदी के रूप में है। मेरी 1.5 लाख रुपये की वार्षिक आय भी है। आज राजीविका की बदौलत हमारे सपने पूरे हो रहे हैं।

डाटा सखी गुमान कंवर का कहना है कि हमारे गांव में वर्तमान में 17 स्वयं सहायता समूह संचालित हैं। पहले घर की आवश्यकताओं के लिए अधिक ब्याज पर ऋण लेना पड़ता था, लेकिन एसएचजी से जुड़कर मेरी वार्षिक आय एक लाख से अधिक हो गई है, जिससे अब मैं घर से जुड़ी आर्थिक जरूरतों को पूरा कर पा रही हूं। मैं महिलाओं को योजनाओं की जानकारी देती हूं और समूहों से जोड़ती हूं।

कैंटीन संचालिका अनिता देवी का कहना है कि मेरी ग्राम पंचायत में 23 समूह हैं। जिनमें मैं समूह सखी का कार्य करती हूं। मैं लखपति दीदी हूं और पंचायत समिति खण्डेला में कैंटीन के माध्यम से अपनी आजीविका चला रही हूं। फिलहाल मेरी सालाना आय एक लाख रुपये है।

लखपति मास्टर ट्रेनर रेणु देवी का कहना है कि मैं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी और मुझे 2 लाख रुपये का लोन मिला। जिससे मैंने दुकान प्रारंभ की और इसके जरिए मेरी आर्थिक आय में वृद्धि हुई। अब मैं लखपति मास्टर ट्रेनर भी हूं। गांव-गांव जाकर महिलाओं को राजीविका से जोड़ती हूं। वर्तमान में मेरी वार्षिक आय 1 लाख रुपये से अधिक है।

# उदयपुर में पार्किंग में खड़ी कार का चित्तौड़गढ़ में चालान कटा

## कार मालिक ने कहा कि घर के पार्किंग में खड़ी कार चित्तौड़ पहुंची कैसे

**उदयपुर,** (कासं)।उदयपुर में एक बिजनेसमैन के बेटे की गाड़ी का चित्तौड़गढ़ में ओवर स्पीड ड्राइविंग का चालान कट गया। बिजनेसमैन को चित्तौड़गढ़ एसपी कार्यालय से एक हजार रुपए का चालान मिला है, जबकि गाड़ी सुबह 11 बजे तक पार्किंग में खड़ी थी।

उदयपुर के मॉडर्न कॉम्प्लेक्स में रहने वाले बिजनेसमैन प्रमोद खाब्या ने बताया कि उनके बेटे दिव्य खाब्या के नाम रजिस्टर्ड गाड़ी घर की पार्किंग में खड़ी है। उन्होंने बताया कि वे बुधवार रात एक शादी समारोह से लौटे और गाड़ी को पार्किंग में खड़ा कर दिया। गुरुवार सुबह 9 बजकर 34 मिनट पर उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक मैसेज आया कि आपकी गाड़ी ने गुरुवार सुबह ट्रैफिक नियमों का उल्लघंन किया है। जब उन्होंने मैसेज में दिए लिंक से इसकी डिटेल देखी तो उसमें बताया गया कि ये गाड़ी आज सुबह 8 बजकर 40 मिनट पर चित्तौड़गढ़ में ओवर स्पीड में चल रही थी। चित्तौड़गढ़ एसपी कार्यालय से नोटिस नंबर 179051740 से एक चालान का बिजनेसमैन को मैसेज मिला जिसमें लिंक आया। उसे ओपन करने पर ओवरस्पीडिंग से गाड़ी चलाने पर एक हजार रुपए का चालान बनाया गया। खाब्या ने बताया कि जब ये मैसेज आया तो हमें लगा हमारी गाड़ी पार्किंग से चित्तौड़गढ़ कैसे चली गई, तो सबसे पहले पार्किंग में गाड़ी देखी तो गाड़ी वहीं खड़ी थी। उन्होंने बताया कि गाड़ी घर से बाहर ही नहीं निकली और पुलिस उदयपुर के बाहर वाले चित्तौड़गढ़ जिले में चालान बता रही है। जो चालान भेजा गया है उसमें गाड़ी को ओवरस्पीडिंग से चलने की जो लोकेशन बताई वो बानसेन से घोसुंडा के बीच बताई गई है। जबकि ये एसयूवी उदयपुर के मॉडर्न कॉम्प्लेक्स में अपने घर से बाहर सड़क पर भी नहीं निकली।

खाब्या ने बताया कि 11 बजे बाद उन्होंने गाड़ी निकाली और अपने काम पर निकले। उन्होंने सवाल उठाया कि उनको चिंता इस बात की हो रही है कि कोई गाड़ी का मिस यूज तो नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि चालान में जो गाड़ी का फोटो था, उसमें भी उनकी गाड़ी नहीं दिख रही, फिर ये ऐसे कैसे चालान बनाए जा रहे हैं। उन्होंने अपने घर के सीसीटीवी फुटेज भी बताए, जिसमें जिस समय चालान बना उस समय उनकी गाड़ी घर के अंदर खड़ी थी।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ कस्बे के वार्ड 38 में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद राजकीय उप जिला अस्पताल राजगढ़ में मृतका के पीहर पक्ष व ससुराल पक्ष के सैकड़ों लोग एकत्रित हो गये। वहीं घटना को लेकर मृतक विवाहिता के पिता ने अपनी पुत्री की मौत को लेकर राजगढ़ थाने में मर्ग रिपोर्ट दर्ज करवाई है तथा अपनी पुत्री की मौत पर संदेह जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

घटना की सूचना मिलने पर एसआई कमलेश सैनी मय पुलिस टीम के मौके पर पहुंचे तथा मृतक विवाहिता के पिता के आने के बाद मृतका के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया है। थानां अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि मृतक विवाहिता के पिता शहीद लुहार पुत्र शकुर लुहार निवासी वार्ड 58 पिपली चौक झुन्झुनूं ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।

# आईपीएल मैचों पर सट्टा गिरोह के दो ठिकानों पर छापा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर में आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले गिरोह के खिलाफ प्रतापनगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चंद्रशेखर आजाद नगर में दो अलग-अलग मकानों पर दबिश दी। पुलिस ने मौके से तीन सट्टेबाजों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 34 मोबाइल, 4 लैपटॉप, नोट गिनने की मशीन और 1,81,000 की नकदी बरामद की गई है।

जानकारी के अनुसार, 5 मई की रात जब चेन्नई और दिल्ली के बीच मुकाबला चल रहा था, तब पुलिस को सटीक सूचना मिली कि चंद्रशेखर आजाद नगर के मकान नंबर 714 और 732 में ऑनलाइन लाइन लेकर सट्टा खेला जा रहा है। एएसपी मुख्यालय पारसमल जैन और वृत्ताधिकारी शहर सज्जन सिंह के सुपरविजन में पुलिस टीमों ने एक साथ दोनों ठिकानों की घेराबंदी की। छापेमारी से सट्टेबाजों में हड़कंप मच गया।


**कार्यालय नगरपरिषद, बालोतरा (राज.)**

क्रमांकः नपबा/विकास/2026/1427 दिनांकः 27.04.2026

**ई-निविदा सूचना सं. 02/2026-27**

नगरपरिषद् बालोतरा क्षेत्र में 03 कार्यो हेतू निविदा आंमत्रित की गई है। निविदा संबंधी जानकारी व अन्य शर्ते परिषद् कार्यालय एवं पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर UBN No. DLB2627WSOB03534, 35, 36 के जरिये देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद्, बालोतरा

राज.संवाद/सी/26/2284

**RajCOMP Info Services Limited (RISL)**
C-Block, 1st Floor, Yojana Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur

RISL invites e-bids from the eligible bidders for the following:

| NIB No./ Date/ Unique bid no. | Particulars | Estimated Cost | Start of sale / Last date |
|---|---|---|---|
| 213/01.05.2026/ RIS2627GLOB00012 | RFP for Interior works in the premise of Jeevan Nidhi - I for Establishment of Call Center under Young Professional Program 2026. | Rs. 1.25 Cr./ Rs. 2,50,000/- | 06.05.2026/ 12.05.2026 |

Details can be seen on the websites http://risl.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, http://doitc.rajasthan.gov.in. Bids are to be submitted through http://eproc.rajasthan.gov.in

Raj.Samwad/C/26/2241 AEn (Civil), RISL

**कार्यालय नगर परिषद बून्दी**

क्रमांकः- 2022 दिनांकः- 05.05.2026

**-:: निविदा सूचना ::-**

नगर परिषद बून्दी द्वारा जारी निविदा सं० न०प०बू०/निर्माण/2026-27/2008 दिनांक 04/05/2026 की निविदा दिनांक 06/05/2026 से दिनांक 21/05/2026 06.00 बजे तक ऑनलाईन विक्रय की जावेगी। निविदा दिनांक 22/05/2026 को 15.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा निविदा दिनांक 22/05/2026 को 16.00 बजे ऑनलाईन खोली जावेगी। विस्तृत शर्ते व विवरण निविदा sppp.rajasthan.gov.in/eproc.rajasthan.gov.in पर DLB2627WSOB03769 तथा कार्यालय समय मे किसी भी कार्यदिवस को नगर परिषद मे देखा जा सकता है।

आयुक्त
नगर परिषद, बून्दी

राज.संवाद/सी/26/2291

**बीकानेर नगर निगम**

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक/निर्माण/2026-27/6316 दिनांक 05.05.2026

**ई- निविदा-सूचना सं0 07/2026-27**

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत 17.71 लाख

UBN Number :- DLB2627WSOB03772

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

राज.संवाद/सी/26/2304


# दुष्कर्मी को 20 साल की जेल

**अलवर,** (निसं)। अलवर में मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कड़ी सजा सुनाई है। यह घटना 11 फरवरी 2025 की है। विशिष्ट लोक अभियोजक पंकज यादव ने बताया कि पीड़िता के दादा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 16 साल से कम उम्र की पोती घर से बाहर गई थी, तभी पड़ोस में रहने वाला आरोपी उसे अगवाकर जंगल में ले गया। जब बच्ची काफी देर तक घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। ढूंढने के बाद वह जंगल में बेहद डरी सहमी हालत में मिली। घर लाकर जब उसे संभाला गया और प्यार से पूछा गया, तो उसने अपनी आपबीती सुनाई। बच्ची ने बताया कि आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती की और शोर मचाने या किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में जांच अधिकारी ने तत्परता से तफ्तीश की और आरोपी के खिलाफ अदालत में चार्जशीट पेश की।

# जोधपुर : निजी बस में महिला यात्री के बैग से 16 तोला सोने के जेवर चोरी

- **पूर्व में भी प्रताप नगर बस स्टैण्ड पर एक महिला यात्री के बैग से थैली पार हुई थी, जिसमें भी लाखों के जेवरात थे**
- **पुलिस अब आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज से संदिग्ध युवकों की पहचान कर तलाश में जुटी है**

**जोधपुर,** (कासं)। शहर की निजी बसों में अब चोर गैंग सक्रिय होती दिख रही है। बसों में अकेली सफर करने वाली महिलाओं के बैग से आभूषण चोरी होने लगे हैं। एक बार फिर ऐसा ही मामला सामने आया है। महिला यात्री के बैग से 16 तोला सोने के जेवरात चोरी हुए हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि महिला के पास ट्रॉली बैग था। इससे पहले प्रताप नगर बस स्टैण्ड पर एक महिला यात्री के बैग से थैली पार हुई थी, जिसमें भी लाखों के जेवरात थे। दोनों घटनाएं निजी बस में हुई है।

झंवर पुलिस ने बताया कि दइपड़ा खिंचियान निवासी छैलू कंवर पत्नी पप्पूसिंह 3 मई को अपने पीहर गांव जोइन्तरा से जोधपुर के लिए रवाना हुई थी। उनके साथ भतीजा युवराज सिंह भी था। दल्ले खां बस स्टैण्ड सफर के समय बड़ा ट्रॉली बैग ड्राइवर सीट के पीछे रखा गया था। बैग में 8 तोले की आड, 6 तोले के दो बाजूबंद व 2 तोले का शीशफूल सहित 16 तोला सोने के आभूषण रखे हुए थे। छैलू कंवर ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि बस में दो-तीन संदिग्ध युवक बैठे थे। बैग के पास एक खाली ढोल रखा था। एक युवक ने बैग को उठाकर ढोल में डालने की कोशिश की, लेकिन उसके मना करने पर उसने बैग वापस रख दिया। बाद में वे युवक झंवर फांटे पर उतर गए। वह जब घर पहुंची और ट्रॉली बैग खोला तो आभूषण नदारद मिले। सबसे बड़ी बात बैग का लॉक सही सलामत मिला है। घटना पर छैलू कंवर ने परिवारजनों के साथ बस स्टाफ से जानकारी जुटाने के साथ संदिग्धों का पता लगाने का प्रयास किया, मगर सफल नहीं हो पाई। पुलिस अब आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज से संदिग्ध युवकों की पहचान कर तलाश में जुटी है।

गौरतलब है कि तिंवरी क्षेत्र के प्रतापजी का कोट निवासी संतोष कंवर पत्नी रविन्द्र सिंह ने प्रतापनगर थाने में रिपोर्ट में रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया है कि वह 3 मई को अपने पीहर मेघलासीय से ससुराल तिंवरी लौट रही थी। रवाना होते समय उसने सोने की 1जोड़ी झुमरिया, 1 चांदबाला, 2 बालियां, चार चूड़ियां, 1 नाक की फीनी, चांदी की दो जोड़ी पायल, 1जोडी चांदी का छड़ा, एक मोबाइल फोन तथा छोटा स्पीकर प्लास्टिक की थैली में रखकर बैग में सुरक्षित रखा था और बैग पर लॉक लगाया था। बाद में घर पहुंची तो यह थैली गायब मिली थी।

# छह साल की मासूम से नाबालिग ने दुष्कर्म किया

**जोधपुर,** (कासं)। जिले में छह साल की मासूम बालिका से उसके रिश्तेदार नाबालिग ने दुष्कर्म किया। घटना पांच मई शाम की है। बच्ची की मां ने पुलिस में पॉक्सो में केस दर्ज कराया है। पीड़ित बच्ची का मेडिकल करवाया गया है। मामला पारिवारिक होने से समझौता भी हो गया। पुलिस के उच्चाधिकारी की तरफ से जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार जिले में छह साल की मासूम के साथ उसके नाबालिग रिश्तेदार जोकि 15 साल का है, उसने दुष्कर्म किया। 5 मई की शाम को बच्ची घर के बाहर खेल रही थी और उसे कमरे में लेकर गया और फिर दुष्कर्म किया। बच्ची ने बाद में रोते हुए घर पहुंची और घटना की जानकारी मां को आकर दी। दोनों आसपास ही रहते है। पीड़ित बच्ची की मां थाने पर पहुंची और केस दर्ज कराया गया।

# सवाई मानसिंह अस्पताल में शुरू होगी ईवनिंग ओ.पी.डी.

## अधिक रोगीभार को देखते हुए कुछ विभागों में शुरू की जाएगी यह व्यवस्था

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। सवाई मानसिंह अस्पताल में मरीजों को सुगमता से उपचार उपलब्ध करवाने एवं क्राउड मैनेजमेंट के लिए अधिक रोगी भार वाले विभागों में ईवनिंग (संध्याकालीन) ओपीडी शुरू की जाएगी। पहले चरण में यह शुरूआत मेडिसिन विभाग से होगी। इसके साथ ही दवा वितरण काउंटरों की संख्या बढ़ाई जाएगी एवं जांच के लिए सैम्पल कलेक्शन हेतु मानव संसाधन बढ़ाया जाएगा।

चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने गुरूवार को सवाई मानसिंह अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं के निरीक्षण के दौरान इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सवाई मानसिंह अस्पताल देश के सबसे बड़े एवं नामी अस्पतालों में शामिल है, इसलिए यहां रोगीभार अधिक होना स्वाभाविक है, लेकिन रोगियों को इलाज में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। अधिक समय तक कतारों में नहीं खड़ा रहना पडे, इसके लिए अस्पताल प्रशासन तात्कालिक इंतजाम सुनिश्चित करने के साथ ही दीर्घकालिक योजना पर भी काम करे।



चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने गुरूवार को सवाई मानसिंह अस्पताल में औचक निरीक्षण किया।

■ प्रथम चरण में मेडिसिन विभाग से होगी शुरूआत, शाम 5 से 7 बजे तक परामर्श ले सकेंगे रोगी

### वरिष्ठ चिकित्सक भी रहेंगे उपलब्ध

राठौड़ ने धन्वंतरि ओपीडी में कार्डियोलॉजी, मेडिसिन एवं आर्थोपेडिक्स विभाग का दौरा कर वहां स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों में रोगी भार अत्यधिक रहता है, उनमें वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर ईवनिंग ओपीडी भी शुरू की जाए, ताकि रोगियों को ज्यादा समय तक अस्पताल में नहीं रहना पड़े। उन्होंने प्रथम चरण में मेडिसिन विभाग में शाम 5 से 7 बजे तक ओपीडी सेवाएं शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शाम के समय भी ओपीडी में वरिष्ठ चिकित्सकों सहित पर्याप्त संख्या में चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहेगा। यह व्यवस्था सफलतापूर्वक लागू होने पर अन्य विभागों में भी ईवनिंग ओपीडी शुरू किए जाने पर विचार किया जाएगा।

### दवा वितरण केन्द्र भी बढ़ाए जाएंगे

प्रमुख शासन सचिव ने दवा वितरण केंद्रों का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि रोगीभार को देखते हुए तत्काल प्रभाव से चार से पांच नए काउंटर खोले जाएं। साथ ही, आवश्यक दवा सूची में शामिल शत-प्रतिशत दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जो दवाएं नियमित आपूर्ति के माध्यम से प्राप्त नहीं हों, उनकी नियमानुसार खरीद कर रोगी को उपलब्ध करवाई जाएं। इसके लिए कॉन्फेड आदि संस्थाओं के साथ भी समन्वय किया जा सकता है। उन्होंने ब्लड सैम्पल कलेक्शन सेंटर का भी निरीक्षण किया और यहां मानव संसाधन बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि रोगियों को इंतजार नहीं करना पड़े।

### छाया-पानी का पुख्ता प्रबंध हो

राठौड़ ने अस्पताल में सामान्य वार्ड एवं अन्य चिकित्सा सेवाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने हीटवेव एवं तेज गर्मी के दृष्टिगत अस्पताल में कूलिंग के समुचित इंतजाम सुनिश्चित करने तथा रोगी एवं परिजनों के लिए पेयजल व छायादार स्थानों की उपलब्धता के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तात्कालिक आवश्यकताओं के लिए नियमानुसार आरएमआरएस के फण्ड का उपयोग किया जाए, लेकिन रोगियों को किसी प्रकार की तकलीफ नहीं हो।

प्रमुख शासन सचिव ने निरीक्षण के दौरान रोगियों एवं उनके परिजनों से संवाद भी किया। उन्होंने अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में फीडबैक लिया। रोगियों से मिले फीडबैक के आधार पर उन्होंने जरूरी सुधार करने के निर्देश भी दिए।

## होटल ट्रेडिशनल हवेली में चल रहे हुक्का बार पर छापा



**जयपुर**। राजधानी में अवैध हुक्का बारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) और सदर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बनीपार्क स्थित एक होटल में अवैध हुक्का बार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में हुक्का सामग्री जब्त कर मैनेजर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव नैन ने बताया कि सीएसटी को सूचना मिली थी कि सदर थाना इलाके के बनीपार्क के गायत्री मार्ग स्थित होटल ट्रेडिशनल हवेली में नियमों को ताक पर रखकर अवैध रूप से हुक्का पिलाया जा रहा है।

सूचना पुख्ता होने पर पुलिस टीम ने होटल के रेस्टोरेंट पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 07 हुक्के (मय चिलम और रबर पाइप),भारी मात्रा में तंबाकू फ्लेवर अलग-अलग इस्तेमाल किए जा रहे डिब्बे सहित अन्य हुक्का सामग्री बरामद की गई। साथ ही पुलिस ने मौके से होटल मैनेजर सुभहा राय को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा वहां फ्लेवर्ड हुक्का पी रहे 6 व्यक्तियों के खिलाफ कोटपा एक्ट के तहत चालान काटकर जुर्माना वसूला गया। पुलिस अब होटल मालिक की भूमिका और अवैध सामग्री की सप्लाई के बारे में पूछताछ कर रही है।

# जलेबी चौक से चोरी हुई स्कॉर्पियो बरामद कर पुलिस ने गुजरात के 2 बदमाश दबोचे

**जयपुर**। माणक चौक पुलिस ने जलेबी चौक से चोरी हुई स्कॉर्पियो कार को सीकर के पास से बरामद कर गुजरात निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपितो से पूछताछ की जा रह हैै।

पुलिस उपायुक्त (जयपुर उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि 5 मई को एक पर्यटक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपनी स्कॉर्पियो कार लेकर जयपुर घूमने आया था। उसने अपनी गाडी जलेबी चौक स्थित पार्किंग में खडी की थी, लेकिन थोडी देर बाद लौटने पर गाडी वहां से नदारद मिली। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस के बाद

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर-प्रथम) नीरज पाठक और सहायक पुलिस आयुक्त (माणक चौक) पीयूष कविया के निर्देशन में थानाधिकारी राकेश ख्यालिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे करीब 100 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला।

सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि दो युवक कार चोरी कर जयपुर से बाहर निकले हैं। पुलिस को सूचना मिली कि चोरी की गई कार सीकर की ओर जा रही है। इस पर टीम को तुरंत रवाना किया गया और सीकर के रानोली टोल नाके पर घेराबंदी की गई। पुलिस ने बिना रुके पीछा करते हुए कार को रुकवाया और उसमें सवार दीप नारायण मिश्रा (20) निवासी



राजेश्वरी सोसायटी अहमदाबाद (गुजरात) और रितेश मिश्रा (23) निवासी रोहतास (बिहार) हाल निवासी साबरमती अहमदाबाद (गुजरात) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है कि वे जयपुर में किसी बड़े गैंग से जुड़े हैं या पहले भी ऐसी वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

# 273 लखपति दीदी कैंटीनों पर मिलेंगे सरस ब्राण्ड के सभी उत्पाद

## राजीविका और सरस मिलकर महिलाओं के लिये तैयार करेंगे बिजनेस मॉडल



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बुधवार को सचिवालय में राजीविका और आरसीडीएफ की बैठक ली।

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राजीविका और आरसीडीएफ (सरस) मिलकर एक नया बिजनेस मॉडल तैयार करेंगे, ताकि महिलाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से नारी शक्ति वंदन की यह अनूठी पहल ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं को डेयरी सहकारिता में स्वरोजगार के नये अवसर प्रदान करेगी। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में बुधवार को शासन सचिवालय में हुई बैठक में इस मॉडल पर विस्तृत चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं।

राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि राजीविका द्वारा संचालित 273 लखपति दीदी केंटीनों पर सरस का दूध और दूध से बने सभी उत्पाद उपलब्ध कराये जायेंगे। इसके अलावा पहले चरण में राज्य की सभी जिला कलेक्ट्रेट में सरस केंटीन संचालित की जायेगी। सरस डेयरी बूथ के आवंटन में राजीविका के सैल्फ हैल्प ग्रुप महिलाओं को प्राथमिकता दी जावेगी और इनका संचालन सरस राजीविका दीदी द्वारा किया जावेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में महिला डेयरी उद्यिमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरस बूथ और सरस मिनीमार्ट स्थापित करने के लिये भी सैल्फ हैल्प ग्रुप महिलाओं को भी प्राथमिकता दी जावेगी। उन्होंने बताया कि आरसीडीएफ द्वारा प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों और पर्यटन स्थलों पर विकसित किये जाने वाले सरस पार्लर के आवंटन में भी राजीविका से जुड़ी महिलाओं को भी प्राथमिकता दी जावेगी। राजीविका सखियों को ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध व्यवसाय से भी जोड़ा जावेगा और उन्हें दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों का सदस्य भी बनाया जायेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बीकानेर, बाड़मेर और जैसलमेर क्षेत्रों में कैमल मिल्क पाउडर और उसकी मार्केटिंग के लिये कार्ययोजना बनाई गई है जिसके अन्तर्गत राजीविका के नेटवर्क के माध्यम से सरस उत्पादों की मार्केटिंग को ग्रामीण स्तर पर पहुँचाया जायेगा।

# निगम प्रशासन कल चलाएगा "ऑपरेशन क्लीन स्वीप"

■ 9 मई को यह अभियान रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक चलाया जाएगा, ताकि यातायात प्रभावित हुए बिना शहर की सफाई व्यवस्था को प्रभावी ढंग से अंजाम दिया जा सके : आयुक्त ओम कसेरा




नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा गुरुवार को पत्रकारों से रूबरू हुए।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। नगर निगम जयपुर द्वारा शहर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 9 मई को विशेष रात्रिकालीन अभियान ऑपरेशन क्लीन स्वीप चलाया जाएगा।

इस अभियान की जानकारी नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि जयपुर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए निगम लगातार विशेष अभियान संचालित कर रहा है और ऑपरेशन क्लीन स्वीप उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह अभियान रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक चलाया जाएगा, ताकि यातायात प्रभावित हुए बिना शहर की सफाई व्यवस्था को प्रभावी ढंग से अंजाम दिया जा सके। इस विशेष ड्राइव के तहत नगर निगम का मुख्य फोकस हेरिटेज और परकोटा क्षेत्र रहेगा। यहां व्यापक स्तर पर सफाई, कचरा निष्पादन और सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे। अभियान में करीब 2000 सफाई कर्मियों को लगाया जाएगा। सफाई कर्मचारियों को कार्य के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनमें हूपर, झाड़ू, डंपर, हाथ गाडी, गम बूट, टॉर्च, फावडा और विशेष नाइट जैकेट शामिल हैं। अभियान की निगरानी और प्रभावी संचालन के लिए निगम प्रशासन ने 36 बीट्स का गठन किया है, जिनमें अधिकारियों और टीमों की जिम्मेदारी तय की गई है।

नगर निगम प्रशासन के अनुसार पिछले एक माह में जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में यह तीसरी बड़ी पहल है। निगम का उद्देश्य जयपुर को देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल करने के साथ-साथ उसकी विरासत और सौंदर्य की नई पहचान स्थापित करना है।

## बोन मैरो ट्रांसप्लांट से थैलेसीमिया मरीजों को मिल सकती है जिंदगी

**जयपुर** (कासं)। थैलेसीमिया एक गंभीर अनुवांशिक रक्त विकार है, लेकिन आधुनिक चिकित्सा तकनीकों और बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) की मदद से इसका स्थायी उपचार संभव हो चुका है। बीएमटी की वजह से आज के सयम में थैलेसीमिया से पीड़ित लोगों की जान भी बचाई जा रही है। यह जानकारी भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के वरिष्ठ ब्लड कैंसर एवं बीएमटी विशेषज्ञ डॉ प्रकाश सिंह शेखावत ने दी। डॉ.शेखावत ने बताया कि थैलेसीमिया मेजर से पीड़ित बच्चों को हर 15 से 20 दिन में रक्त चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है। लंबे समय तक बार-बार रक्त चढ़ाने से शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे हृदय, लिवर, हार्मोन एवं ग्रोथ संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे मरीजों के लिए नियमित उपचार और विशेषज्ञ निगरानी अत्यंत आवश्यक होती है।

बोन मैरो ट्रांसप्लांट वर्तमान में थैलेसीमिया का सबसे प्रभावी और स्थायी उपचार माना जाता है। इस प्रक्रिया में मरीज के खराब बोन मैरो को स्वस्थ स्टेम सेल्स से बदला जाता है, जिससे शरीर सामान्य रूप से स्वस्थ रक्त बनाना शुरू कर देता है। यदि मरीज को समय पर उपयुक्त डोनर मिल जाए, विशेष रूप से भाई-बहन में मैचिंग डोनर होने पर, तो बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सफलता दर काफी बेहतर होती है। बीएमसीएच की बाल कैंसर एवं रक्त रोग विषेषज्ञ डॉ. शिवानी माथुर ने बताया कि थैलेसीमिया मेजर से पीड़ित बच्चों में शरीर में अत्यधिक कमजोरी, चेहरा पीला पड़ना, बार-बार बुखार या संक्रमण होना, भूख कम लगना, वजन-लंबाई का सही विकास नहीं होना जैसे लक्षण होते है।

# सूदखोरों की प्रताडना से तंग अधेड़ ने दी जान

## सुसाइड नोट में लिखी दर्द भरी दास्तां

**जयपुर** (कासं)। जयपुर ग्रामीण जिले के रेनवाल थाना क्षेत्र में सूदखोरी से परेशान होकर एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक ने आत्महत्या से पहले व्हाट्सएप पर सुसाइड नोट भेजकर कई लोगों पर मानसिक प्रताड़ना और जान से मारने की धमकियां देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

रेनवाल थानाधिकारी नरेश कंवर के अनुसार मृतक मोहनलाल बारावाल निवासी जोधपुरा, रेनवाल ने आत्महत्या से पूर्व लिखे सुसाइड नोट में बताया कि उसने मूलधन से कई गुना अधिक रकम चुका दी थी, लेकिन इसके बावजूद उसे सूदखोरों से छुटकारा नहीं मिल रहा था। आरोप है कि लगातार रुपए मांग कर मानसिक दबाव बनाया जा रहा था और जान से मारने की धमकियां भी दी जा रही थीं।

सुसाइड नोट में करोड़ों रुपए के लेन-देन और सूदखोरी के हिसाब-किताब का भी उल्लेख किया गया है। मृतक ने लिखा कि आत्महत्या के अलावा मेरे पास कोई और रास्ता नहीं बचा था। साथ ही जिला प्रशासन और राज्य सरकार से सूदखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी की।

मामले में परिजनों ने करीब पांच नामजद लोगों के खिलाफ रेनवाल थाने में मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि रुपए के लेनदेन को लेकर मृतक को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और आत्महत्या के लिए उकसाया गया। घटना के बाद परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक पोस्टमार्टम नहीं कराया जाएगा। मृतक का शव उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। थानाधिकारी नरेश कंवर मौके पर पहुंचकर परिजनों से समझाइश के प्रयास किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और सुसाइड नोट की भी जांच की जा रही है।

## गहने चुराने वाली महिला गिरफ्तार

**जयपुर**। जवाहर नगर पुलिस ने बुजुर्ग महिलाओं को झांसा देकर उनके गहने पार करने वाली एक शातिर गुजराती गैंग की मुख्य महिला सदस्य को गिरफ्तार किया है। यह गैंग ऑटो में लिफ्ट देने के बहाने कटर से गहने काटकर चोरी की वारदातों को अंजाम देती थी। पुलिस उपायुक्त (जयपुर पूर्व) रंजीता शर्मा ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने बुजुर्ग महिलाओं को झांसा देकर उनके गहने पार करने वाली एक शातिर गुजराती गैंग की मुख्य महिला सदस्य चन्द्राबेन उर्फ चंदा देवी (42) निवासी भावनगर (गुजरात) हाल सदर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया कटर बरामद कर लिया है।

## चलती स्कूटी बनी आग का गोला

**जयपुर**। अशोक नगर थाना क्षेत्र के करतारपुरा इलाके में गुरुवार को एक चलती स्कूटी में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे के दौरान स्कूटी चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत वाहन से छलांग लगाकर अपनी जान बचा ली। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन स्कूटी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करतारपुरा इलाके में स्कूटी चलते समय अचानक उसमें से धुआं निकलना शुरू हुआ। कुछ ही क्षणों में स्कूटी आग की लपटों से घिर गई। सड़क पर आग लगी स्कूटी देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और राहगीरों ने अपने वाहन रोक दिए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और आग पर पूरी तरह काबू पाया। घटना के दौरान सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। जांच में स्कूटी में तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका है।

## सार-समाचार

### आठ वर्षीय ईवा ने लिखी पुस्तक

**जयपुर**। जयपुर की 8 वर्षीय ईवा की पहली किताब 'ईवा की मखमली दुनिया' बच्चों की दिलचस्प दुनिया से मुलाकात करवाती है। इसमें मस्ती के साथ-साथ बच्चों से सीखने की भी बातें हैं। ईवा ने अपने घर, स्कूल और आसपास की दुनिया को अपनी नई किताब 'ईवा की मखमली दुनिया' में खूबसूरती से समेटा है। जयपुर के केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 में तीसरी क्लास में बढ़ने वाली ईवा घर और आसपास की दिलचस्प घटनाओं को अपनी डायरी में लिखती रही हैं। ईवा ने अपनी कहानियों में बड़े भाई, मम्मी-पापा, नाना-नानी, मौसी और स्कूल की दोस्तों के साथ हुई घटनाओं को मजेदार ढंग से किताब में लिखा है। इस किताब में उन्होंने कुल उन्नीस छोटी-छोटी डायरी की शक्ल में कहानियां लिखी हैं। दृशी प्रकाशन से आई ईवा कि इस पहली किताब में निडर रहने, लाल बत्ती पर रुकने और मुश्किल में दोस्त की मदद करने जैसी नैतिक शिक्षा और नागरिक शिष्टाचार की घटनाओं को भी कहानियों में पिरोया है। ईवा ने पुस्तक में घर और पडौस में आयोजित होली, दिवाली, दशहरा जैसे उत्सवों की मस्तियां और अपने भाई के साथ खींचतान को बचपने अंदाज में लिखा है। पुस्तक लिखने की प्रेरणा के बारे में ईवा बताती है कि केवी में पढ़ने वाले उसके बड़े भाई अद्वैत की किताब को देखकर ही उसने डायरी लिखने के बारे में सोचा। गौरतलब है कि ईवा के बड़े भाई अद्वैत जिंदल को उनकी पुस्तक के लिए राजस्थान की जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी का रानी चूंडावत बाल साहित्य पुरस्कार मिल चुका है। ईवा के पिता और भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी मुरारी गुप्ता भी ख्यात लेखक तथा उपन्यासकार हैं।

### यातायात प्रहरियों को छाते बांटे

**जयपुर**। राजधानी की सड़कों पर चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बीच यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने वाले यातायात पुलिसकर्मियों की सेहत का ख्याल रखते हुए जयपुर पुलिस ने विशेष पहल की है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देशों पर गुरुवार को फील्ड में तैनात जवानों को पानी की बोतलें और छाते वितरित किए गए। पुलिस उपायुक्त (यातायात) योगेश गोयल ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर यातायात योगेश दाधीच के नेतृत्व में शुरू किए गए इस अभियान में भामाशाहों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके चलते धानुका ग्रुप और सीकर रोड व्यापार महासंघ ने सामाजिक सरोकार (सीएसआर) के तहत यह सहयोग प्रदान किया है। धानुका ग्रुप की ओर से 750 पानी की बोतलें और सीकर रोड व्यापार महासंघ की ओर से 100 बोतलें व 200 छाते उपलब्ध कराए गए हैं। इस अभियान का आगाज़ करते हुए डीसीपी यातायात योगेश गोयल स्वयं 22 गोदाम चौराहा, राममंदिर चौराहा और पोलो सर्किल जैसे प्रमुख यातायात पॉइंट्स पर पहुँचे। वहां उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से मुलाकात कर उन्हें छाते और बोतलें प्रदान कीं। उन्होंने एसीपी और उपनिरीक्षकों को भी निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर जवानों को ये राहत सामग्री पहुँचाएं। इस अवसर पर डीसीपी ने कहा कि समाज और व्यापारिक संगठनों द्वारा किया गया यह छोटा सा सहयोग पुलिसकर्मियों के समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के प्रति सम्मान का प्रतीक है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा (दक्षिण), समीर दुबे (पश्चिम), डॉ. हरी प्रसाद सोमानी (उत्तर), धानुका ग्रुप के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष दिनेश मित्तल, उपाध्यक्ष पवन सैनी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री से मिले एनसीसी महानिदेशक

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान एनसीसी राजस्थान निदेशालय के उप महानिदेशक एयर कमोडोर एस. के. आनंद एवं निदेशक कर्नल नितिन सहरावत भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सेना के अधिकारियों को ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ की शुभकामनाएं दी।

## जुआघर चलाने वाला गिरफ्तार

जयपुर। पुलिस थाना ट्रांसपोर्ट नगर ने आमागढ क्षेत्र में अवैध जुआघर चलाने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जो पिछले दो महीनों से पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस उपायुक्त (जयपुर पूर्व) रंजीता शर्मा ने बताया कि 23 फरवरी 2026 को पर्वत कॉलोनी आमागढ में एक मकान की दूसरी मंजिल पर बिना लाइसेंस के जुआ खेलते हुए 13 आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया था। उस समय पुलिस ने मौके से 1,20,620 रुपये की नकदी और ताश की पत्तियां बरामद की थीं। हालांकि, जुआघर का असली मालिक और मुख्य आयोजक मोहसीन कुरैशी उस दौरान फरार होने में कामयाब रहा था। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (जयपुर पूर्व) आलोक सिंघल और सहायक पुलिस आयुक्त (आदर्शनगर) लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में थानाधिकारी अरुण कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना पर लगातार दबिश दी। पुलिस ने फरार आरोपी मोहम्मद मोहसिन कुरैशी (37 वर्ष) को आमागढ पर्वत कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया।

# लूट-अपहरण का वांटेड बदमाश देहरादून की स्कूल में सुरक्षा गार्ड बनकर काट रहा था फरारी

## सीआईडी क्राइम ब्रांच ने 12 साल से फरार इस 20 हजार के इनामी बदमाश दिवेश मौर्य को दबोचा

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान पुलिस की शाखा सीआईडी सीबी की स्पेशल टीम ने कुख्यात बदमाशों और इनामी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान में एक और बड़ी सफलता करते हुए साल 2014 से बांसवाड़ा के कोतवाली थाना क्षेत्र में लूट और अपहरण की वारदात में फरार चल रहे 20 हजार रुपये के इनामी अपराधी दिवेश मौर्य को देहरादून (उत्तराखंड) से डिटेन कर लिया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि डीआईजी राशि डोगरा डूडी और एएसपी नेहा अग्रवाल के सुपरविजन में एक विशेष टीम गठित की गई थी। उप निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम को भरतपुर, मेरठ और देहरादून की ओर सूचना संकलन के लिए भेजा गया था। जहां टीम के सदस्य हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि बांसवाड़ा का वांछित अपराधी दिवेश मौर्य देहरादून में अपनी पहचान छुपाकर रह रहा है। पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण के आधार पर सूचना को पुख्ता किया तो पता चला कि इसके हुलिये का व्यक्ति सिक्योरिटी गार्ड के रूप में देखा गया है। जिस पर टीम ने देहरादून की विभिन्न सिक्योरिटी एजेंसियों से संपर्क साधा।



आरोपी दिवेश मौर्य

■ सीआईडी टीम अब अन्य आरोपितों की तलाश में जुटी

गहन जांच के बाद पता चला कि आरोपी एसआईएस सिक्योरिटी एजेंसी में कार्यरत है और वर्तमान में देहरादून के डीडी स्कूल में गार्ड के तौर पर तैनात है। पुलिस टीम ने स्थानीय गढ़ी कैंट थाना पुलिस के सहयोग से घेराबंदी की और आरोपित को दबोच लिया। आरोपपित की पहचान दिवेश मौर्य पुत्र नंदलाल मौर्य निवासी न्यू वसंत विहार देहरादून के रूप में हुई।

वर्ष 2014 में बांसवाड़ा निवासी एलआईसी एजेंट मनीष संचावत को बीमा कराने के बहाने बाबजी गार्डन के पास बुलाया गया था। वहां दो युवक उसकी कार में बैठे और पिस्तौल दिखाकर उसका अपहरण कर उदयपुर रोड की तरफ ले गए। आरोपितों ने उससे नकदी, पर्स और मोबाइल वगैरह लूट लिया। रास्ते में चिड़ियावासा के पास मौका मिलते ही मनीष संचावत कार से कूदकर भाग निकला। जांच के दौरान मौके पर मिले सामान के आधार पर आरोपितों की पहचान चिरायु गुप्ता, मोहित गुप्ता और दिवेश मौर्य के रूप में हुई थी। घटना के बाद से सभी आरोपित फरार चल रहे थे। आरोपित लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे और पहचान छिपाकर अलग-अलग स्थानों पर रह रहे थे। इसी कारण उनकी गिरफ्तारी पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। फिलहाल दिवेश मौर्य को पकड़ लिया गया है, जबकि अन्य आरोपितों की तलाश जारी है। टीम ने आरोपी को बांसवाड़ा कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है, जहां उससे अन्य वारदातों और साथियों के बारे में पूछताछ की जाएगी। इस सफल ऑपरेशन में उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल बृजेश कुमार, कुलदीप सिंह और कांस्टेबल सोहनदेव यादव की विशेष भूमिका रही।



## Celebrating Ocean Life and Marine Conservation

Fintastic Friday is celebrated as a fun reminder to appreciate and protect marine life, especially sharks and other fascinating sea creatures that play a vital role in maintaining ocean balance. The day encourages people to learn about marine conservation, reduce plastic use, and support sustainable seafood choices. By spreading awareness about ocean health, it highlights how everyday actions can help preserve underwater ecosystems for future generations. Through education, community activities, and social media campaigns, Fintastic Friday inspires individuals to respect the oceans and take small steps towards protecting the planet's most mysterious and vital habitats.



#FAREWELL

# The Journey of "Babul Mora Naihar Chhuto Hi Jaye"

"Babul Mora Naihar Chhuto Hi Jaye" is more than a song; it is a journey through history, music, and emotion




In the 2017 film *Poorna*, composed by Salim-Sulaiman with lyrics by Amitabh Bhattacharya, a haunting line echoes with deep emotional resonance: "Babul Mora Naihar Chhuto Hi Jaye..." Sung in a contemporary voice by Arijit Singh, the line stands apart, carrying with it a legacy that stretches back more than a century.



The origins of this timeless composition trace back to 1856, when Wajid Ali Shah, the last Nawab of Awadh, was exiled from his beloved city of Lucknow following the British annexation of his kingdom. In a moment of profound personal grief, Wajid Ali Shah composed "Babul Mora Naihar Chhuto Hi Jaye," drawing a poignant parallel between his forced departure and the emotional farewell of a bride leaving her father's home. What emerged was not merely a song, but a deeply layered metaphor of loss, displacement, and longing.

Set in Raga Bhairavi, the composition carries a sense of melancholy that is both intimate and universal. Over the decades, it has transcended its historical origins to become a musical expression of farewell in its many forms, personal, cultural, and even spiritual.

The song found widespread recognition in the early 20th century through the legendary performance of K. L. Saigal in the film *Street Singer* (1938). His live rendition, delivered with raw emotion and minimal accompaniment, remains one of the most iconic interpretations of the piece. It set a benchmark for all future renditions, establishing the song as a cornerstone of Indian musical heritage.

In the years that followed, the composition was reinterpreted by some of the greatest voices in Indian music. Begum Akhtar infused it with the delicate nuances of thumri, while Bhimsen Joshi brought a powerful classical depth to its structure. Jagjit Singh, known for his evocative ghazals, offered yet another interpretation that connected with modern audiences.

Each rendition has preserved the soul of the original while adapting it to different musical sensibilities and eras. Despite these variations, the essence of the song, a poignant farewell, remains unchanged.

The reappearance of this line in Poorna, voiced by Arijit Singh, is a testament to its enduring relevance. Even in a contemporary cinematic setting, the emotion embedded in Wajid Ali Shah's words continues to resonate. It bridges the gap between past and present, reminding listeners that themes of separation and belonging are timeless.

"Babul Mora Naihar Chhuto Hi Jaye" is more than a song; it is a journey through history, music, and emotion. From the courts of Lucknow to modern cinema, it stands as a powerful reminder of how art can capture the deepest human experiences, and carry them across generations.



#WILD

# Being A Blackbuck

Today, there are two other things to fear. Both, which if left unaddressed will send the blackbuck reeling off the screen into oblivion. One, curiously enough, is a tree with a beautiful pink flower, Gliricidia. This is a leguminous tree which is fast growing, drought resistant and grown both from cuttings and seeds, for cattle and goat fodder as well as living hedges. It spreads fast and needs no special care. Ideal tree to grow in barren lands. But lethal in grasslands where blackbuck live. Flowering Gliricidia looks spectacular. Large swathes of hillsides and plains splashed with pink. But when you get closer, it tells a different story. Gliricidia grows so thick and creates so much shade and its roots spread so widely in search of water that nothing grows under it. Plant it in grassland, and before you know it, the grass is gone. Killed by Gliricidia. It is truly alarming to see how fast this is happening in Bidar.



Eagle Owl.



Bar-headed Goose.



Harrier- facing.



Blackbuck with companion.



Blackbuck male.



Mirza Yawar Baig
*Naturalist and Wildlife Conservationist*

We spent two nights at the Karnataka Jungle Lodges and Resorts, Blackbuck Resort in Bidar. Lovely cottages, set in natural forest, on the bank of a lake. Very peaceful and quiet with only birdsong to keep you entertained. Lots of birds, both migratory and resident. And all vying to outsing each other. The best part of the resort is the people. Wonderful people, friendly, courteous, helpful, very knowledgeable, and willing to do anything to ensure that you have a memorable holiday.

The big buck stood tall on the peak of the ridge, puffing out his muscular chest, his spiraled horns rising high above in a perfect V, their points, making them lethal weapons. His black head with striking white face markings circling the eyes, like eye-patches, his chest with distinctive white breastplate, and the white belly and legs, all marks of a warrior, surveying his realm. His realm is the grassland that covers the ridge and flows down like a blanket to the lake on one side. On the other, it ends abruptly at the barbed wire fence along the highway that slashes through it. On the banks of the lake are farms of the villagers, growing tomatoes, peas, millet, and sometimes rice. All good to eat as far as the blackbuck are concerned but the villagers are clearly not cooperative. So, there are barbed wire fences draped sporadically with old sarees and other cloth that flap in the crisp breeze that comes off the lake. Young fawns get spooked by this movement, but the older does and bucks know that they are harmless and have learned to ignore them. Who can't be ignored are the farmers themselves who spend the night on platforms constructed in the fields to guard them against the predations of wild boar and langur.

They are not antagonistic to blackbuck, but when you are guarding a field, you can't let one species in and ask another for a permit. So, everyone must run the gauntlet. Imagine doing that even twice a week because blackbuck don't drink everyday. The sanctuary itself is really very small for an animal that once roamed the wide grassy plains, fearing only the wolf and the leopard. Today, there are two other things to fear. Both, which if left unaddressed will send the blackbuck reeling off the screen into oblivion.

One, curiously enough, is a tree with a beautiful pink flower, Gliricidia. This is a leguminous tree which is fast growing, drought resistant and grown both from cuttings and seeds, for cattle and goat fodder as well as living hedges. It spreads fast and needs no special care. Ideal tree to grow in barren lands. But lethal in grasslands where blackbuck live. Flowering Gliricidia looks spectacular. Large swathes of hillsides and plains splashed with pink. But when you get closer, it tells a different story.

Gliricidia grows so thick and creates so much shade and its roots spread so widely in search of water that nothing grows under it. Plant it in grassland, and before you know it, the grass is gone. Killed by Gliricidia. It is truly alarming to see how fast this is happening in Bidar.

For blackbuck, grass is food and shelter. It is in high grass that they drop their fawns which are totally vulnerable for a few hours after birth. If there is no grass to hide them, they become prey to the village dogs that know when the blackbuck foal and they are waiting. They have no chance of catching an adult buck or doe, but a newborn fawn is food off a plate. Long grass is a lifesaver for fawns, but Gliricidia kills the grass.

Ironically, in the Blackbuck Sanctuary in Bidar, Gliricidia was planted by the Forest Department, which seems to have a love for planting all kinds of invasive foreign species in any vacant land in the



Demoiselle cranes - Karanja Dam backwaters- in bad lighting.

name of reforestation. They have a rich history of expensive mistakes with planting Eucalyptus and Acacia. But I guess learning is not easy or quick. So, now, we have another disaster in Gliricidia. The combination of Gliricidia and village dogs is far more deadly than wolves or leopards and it is anyone's guess how long the blackbuck can survive as a reproductively viable population.

Village dogs are a problem peculiar to India. They belong to nobody, they hang around places where they can get food, they form packs and hunt, and prey on anything they can bring down. There are many accounts of packs of dogs attacking and killing and eating people.

The usual governmental response of catching stray dogs and sterilizing them is not a solution because the problem is not only breeding but much more urgently, the daily food requirement for the dogs. Even a sterilized dog needs to eat. Dogs are apex predators and hunt in packs. In places like Ladakh, for example, in the tourist season, there is a lot of food waste thrown out of restaurants and hotels which these dog packs feed on. But in the winter, there are no tourists and hotels shut down. But the dogs are still there. That is when their instinctive pack behaviour kicks in and they hunt anything that moves. Domestic animals, nesting birds, and humans.

In the case of blackbuck, stray dogs are their nemesis. There's no escape. Stray dogs must be eliminated. If anyone loves stray dogs, they are welcome to take them home and raise them as pets. But ownerless dogs have no place on the streets, free to be a menace to the defenseless. In this case, blackbuck. Blackbuck are highly endangered and need far more protection than they have at present.

The big buck surveys his realm and his harem. This is a group of does led by an older female which he overlooks. He trots around them and chases back any female that wanders off. He holds his head high with his nose in the air, much like a certain orange head of state that we are all familiar with. His long, spiral horns with their tight curls ending in sharp points are almost parallel to his back as he struts along in a bouncy trot. Every time, a female urinates, he is there to taste and assess her readiness to breed. Then off he goes on this circuit ensuring that all his family are with him. There are two or three family groups that I could identify. Each with its dominant buck, strutting around the group.

Then, there is a group of juvenile bucks with smaller horns. There are no females with them, and they keep to themselves and don't tangle with the dominant bucks and their harems. Horns are status symbols which announce a buck's virility and suitability to breed. Bucks with longer horns are more likely to get a chance to breed than ones with shorter horns. The juveniles have a way to go still. Horns are certainly ornamental and one of the reasons why these beautiful antelopes were hunted almost to extinction. Today, they are highly endangered and protected but there are poachers willing to take the risk. But the main reason for the horns is protection and domination. In the rutting season, there are magnificent duels where the one, who is strongest and has the longest horns and fighting experience, has the highest chance to breed.

It is early in the morning and there is dew on the grass. That is the main water source for blackbuck. The air is crisp with a minute nip in it. I can hear the call of the Grey Francolin (aka Grey Partridge or Teetar), one male answering the challenge of another. Paddyfield Pipits and Larks are flying in flocks, hunting insects which have started to rise from the grass. There are Green Bee Eaters, sitting on sticks or rocks, taking flights to catch an insect in mid-air and returning to their perch as surely as clockwork. That makes them easy to photograph. You just wait for them. Larks soar singing into the sky, and then, swoop down to whichever perch they have identified, their song echoing in the dawn.

The sun has not shown itself yet, but the glow in the east is its herald. In a nearby quarry which has a large pool of water, there is a telltale 'whitewash,' of guano coloring the rock side of the quarry. This means that that there is possibly an Eagle Owl (Bubo bengalensis) perch there. And sure enough, we saw a magnificent specimen, a large female (my guess based on size because the genders are almost indistinguishable by colour) glaring at us. Her golden-yellow eyes seem to bore into you. Her massive legs and talons make me very thankful that I am not small enough to be her prey. Not nice to be killed by a bird. There was no nest and I never saw the male, but I guess they will nest in the same place.

About twenty kilometers from the Blackbuck sanctuary is the Karanja Dam on the Karanja River. The backwaters of this dam are host to flocks of Demoiselle cranes (Grus virgo) and Bar-headed geese (Anser indicus). Demoiselle cranes migrate annually to India from their breeding grounds in Central Asia, Mongolia and Siberia, flying at heights of 16,000-26,000 feet over the Himalayas. There, they are exposed to the hazards of high-altitude flying and attacks from Golden Eagles which wait for them as they come over the mountains. The Eagles hunt in pairs and can bring down even a large bird like the Demoiselle crane. A small number fly to the backwaters of the Karanja Dam in Bidar where I saw them. Unfortunately, the sun was in my eyes which is the worst possible light for photography and there was no way to get to the other side to get them in better light. Nevertheless, I was thrilled to see them.

As for Bar-headed geese, they are among the highest-flying birds in the world. They migrate from Central Asia, Mongolia and Siberia to the Indian subcontinent (India, Nepal, Pakistan) each autumn. They travel 3000 miles by flying at an altitude of 20-30,000 feet and more, in the Jetstream current at a speed of 1000 miles in a day. They cross the Himalayas, often at altitudes above 7,000-8,000 meters, to winter in warmer, cultivated wetland areas, returning north in spring. I have photographed them in Assam in Kaziranga and Manas National Parks. And now, I saw a very nice sized flock in the backwaters of Karanja Dam in Bidar.

On the way back home to the Blackbuck Resort, our driver/guide/naturalist, Mr. Raghu, asked if we would like to see Pallid Harriers (Circus macrourus). I was obviously delighted at the possibility. And sure enough, we saw about eight or nine of them, sitting on fence posts scanning for prey. They make very low-level swoops across the fields looking for rodents, such as mice, voles, lemmings, ground squirrels, small terrestrial birds like Larks and Paddyfield pipits (Anthus rufulus). They also hunt lizards, other small reptiles, frogs, and insects, such as locusts and dragonflies. Harriers are also endangered, thanks to grassland destruction, overgrazing and human interference. Same sad story everywhere that we humans live. It is always wildlife that suffers the consequences of our way of life.

Mr. Raghu is a very interesting man. He lives in a village less than two kilometres from the resort. In his own words, which I am translating into English, "I am not educated Sir, and I joined the resort as a cleaner. Then one day, I met a guest, as senior citizen like yourself, who told me that you don't need a college degree to succeed in life. If you are interested, you can succeed in anything you want. He gave me a book of Indian birds. Today, I can identify more than 600 birds and mammals." Amazing man, Raghu. Very kind, considerate, helpful, and with beautiful manners. Incidentally, the Blackbuck Resort, Bidar has the most dedicated group of people that I have ever had the pleasure of meeting.

As the light started to fail, we made our way back to the resort, knowing that hot pakodas and ginger tea awaited us. Wearing my Leadership Consultant hat, the Blackbuck Resort in Bidar is a classic example of what the combination of recruiting the right people and putting them under the right manager can achieve. The manager is Mr. Shivkumar, whose impeccable manners, concern for the guests, and excellent interpersonal skills have created a winning team that leaves you impressed. Mr. Siddappa, the Naturalist, is another example of someone like Raghu, who loves his job. It is not 'work' for him. He loves birds and wildlife. He is a stargazer who loves the stars and being with them, and learning about them. When these two gentlemen show 'their' birds and mammals to people, it is with such a sense of personal discovery and pride that it leaves you smiling.

I wish them all the very best and hope to meet them again soon.

rajeshsharma1049@gmail.com



Sparring.



Blackbuck turning up his nose - domination behaviour-compressed.

#BAPPA RAWAL

# Resistance to Arab Expansion in Early Medieval India

Some traditions go on to attributing the origin of the name Rawalpindi to Bappa Rawal

The 7th and 8th centuries marked one of the most dramatic phases of expansion in world history. Under the Umayyad Caliphate, Arab armies advanced with remarkable speed, conquering vast territories across West Asia, North Africa, and even parts of Europe. Within roughly a hundred years, regions such as Persia, Syria, and Spain had come under their control. Yet, when this wave of expansion reached the Indian subcontinent, it encountered a very different outcome.

The first significant Arab entry into India occurred in 711 CE, when the young general Muhammad bin Qasim led a campaign into Sindh. There, he confronted Raja Dahir, the local king who resisted the invasion but was ultimately defeated and killed in battle. The Persian chronicle known as the *Chachnama* describes the aftermath of this conquest in stark terms, including accounts of destruction, enslavement, and the capture of members of Dahir's family, among them, his daughters Surya Devi and Parimal Devi, who were reportedly sent to the Caliph's court in Damascus. Despite this initial success, Arab control remained largely confined to Sindh. Efforts to expand deeper into the Indian subcontinent soon met with determined resistance. Dahir's son and other regional leaders sought support from neighboring kingdoms, and a broader coalition of Indian rulers began to take shape across western and northwestern India.

Among the prominent figures in this resistance was Nagabhata I of the Gurjara-Pratihara dynasty, who is widely credited by historians with successfully repelling Arab




forces advancing eastward. Alongside him were other regional powers in Rajasthan and Gujarat, forming a defensive front that challenged further incursions. This resistance culminated in confrontations such as the Battle of Rajasthan (738 CE), where Arab armies suffered significant setbacks, effectively halting their expansion beyond the northwestern frontier.

Within this broader narrative, the figure of Bappa Rawal occupies a special place, particularly in regional traditions of Rajasthan. Regarded as an early ruler of Mewar and founder of its ruling line, Bappa Rawal is often depicted as a key leader who united various forces against the Arab advance. According to later chronicles and bardic accounts, he not only helped repel invading armies but also pursued them westward towards the Indus frontier. These stories also speak of alliances forged through diplomacy and marriage, strengthening frontier defenses against further incursions.

Some traditions go even further, attributing the origin of the name Rawalpindi to Bappa Rawal. Indeed, much of what is known about him comes from later sources that blend history with legend, making it difficult to separate precise historical events from heroic storytelling.

What remains clear, however, is that the Indian subcontinent presented a formidable challenge to Arab expansion. Unlike regions that fell quickly, India was characterized by multiple established kingdoms capable of mounting resistance. Its geography, including deserts and river systems, posed logistical difficulties for invading forces, while the distance from the Caliphate's core made sustained campaigns harder to maintain. Most importantly, the willingness of regional rulers to form alliances, even if temporary, played a crucial role in halting further advances.

In this context, the story of early Arab incursions into India is not simply one of conquest, but of resistance and resilience. While Sindh became part of the Umayyad domain, the rest of the subcontinent remained beyond their reach. Historical figures like Nagabhata I stand on solid evidentiary ground as defenders against this expansion, while Bappa Rawal endures as a powerful symbol of that resistance, embodying the blend of history and legend that shapes much of early medieval India's memory.



THE WALL




BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# गंगापुर सिटी में शादी से लौट रहे बाइक सवार युवक की गोली मारकर हत्या

## मीना बड़ौदा गांव में देर रात बदमाशों ने हत्या की वरदात को अंजाम दिया

- **प्रारंभिक जांच में पुलिस युवक की हत्या के पीछे पुरानी आपसी रंजिश को मुख्य कारण मानकर चल रही है**

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। वजीरपुर उपखंड क्षेत्र के मीना बड़ौदा गांव में देर रात बदमाशों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को उस समय अंजाम दिया गया, जब युवक अपने परिजनों के साथ शादी समारोह से बाइक पर गांव लौट रहा था। बदमाशों ने पहले उनकी बाइक को टक्कर मारी, फिर युवक के पैरों में गोली मार दी। घायल होकर गिरने के बाद उस पर धारदार हथियारों से हमला किया गया। इस वारदात के बाद पूरे गांव में दहशत और तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही वजीरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी एवं घायल को राजकीय चिकित्सालय वजीरपुर लेकर आए, जहां से चिकित्सको ने गंगापुर रैफर कर दिया। मृतक की पहचान मीना बड़ौदा निवासी अवधेश (27) पुत्र हरि सिंह मीणा के रूप में हुई है।

मृतक के चाचा सियाराम ने बताया कि वे अपने भाई अमर सिंह और भतीजे अवधेश के साथ रात करीब 10 बजे शादी समारोह से गांव लौट रहे थे। गांव की सीमा के पास अचानक कुछ लोग बाइक और कारों से आए और उनकी बाइक को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि बदमाशों ने अवधेश के पैरों में गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। इसके बाद आरोपियों ने उस पर धारदार हथियारों से भी हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद परिजन गंभीर हालत में अवधेश को पहले वजीरपुर राजकीय हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे गंगापुर सिटी रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भी दिखाया, लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद वहां से भी रेफर कर दिया गया। अंततः गंगापुर सिटी गवर्नमेंट हॉस्पिटल पहुंचने पर डॉक्टरों ने अवधेश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर गंगापुर सिटी गवर्नमेंट हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है, जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई जाएगी। पुलिस ने हत्या का केस दर्जकर आरोपियों की तलाश शुरू की। परिजनों के अनुसार अवधेश की शादी करीब चार वर्ष पहले हुई थी और उसकी एक बेटी है। युवक की मौत के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल और गांव में एकत्र हो गए। पुलिस ने गुरूवार को मृतक का पोस्टामार्टम करवा कर शव परिजनो को सौप दिया।

प्रारंभिक जांच में पुलिस हत्या के पीछे पुरानी आपसी रंजिश को मुख्य कारण मानकर चल रही है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। वजीरपुर थाना पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस अधिकारी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने में लगे हुए हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जोधपुर में निजी बस में युवक का शव लटका मिला

- **युवक हमेशा की तरह रात को घर के बाहर खड़ी बस में सोने गया था**
- **सुबह जब युवक घर नहीं लौटा तो मां ने जाकर देखा, तब शव फंदे पर लटका मिला**

**जोधपुर,** (कासं)। एक युवक का शव बस के अंदर फंदे से लटका मिला है। युवक हमेशा की तरह रात को घर के बाहर खड़ी बस में सोने गया था। सुबह घर नहीं लौटा तो मां ने जाकर देखा। तब शव फंदे पर लटका मिला। घटना माता का थान थाना क्षेत्र स्थित जगदंबा कॉलोनी की है।

पुलिस के अनुसार फलोदी जिले के देचू इलाके के पीलवा रावत नगर निवासी फतेहसिंह की ओर से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया गया कि उसके भाई अभिमन्यु सिंह का बेटा हर्षवर्धन सिंह (19) जोधपुर से पीलवा के बीच चलने वाली बस में जाकर सोता था, जो जगदंबा कॉलोनी से मुख्य सड़क गली नंबर दो के आगे खड़ी रहती है।

रिपोर्ट के अनुसार छह मई की रात करीब 10.30 बजे हर्षवर्धन घर से खाना खाकर हमेशा की तरह गली के बाहर खड़ी बस में सोने के लिए गया था। रात करीब 11.30 बजे उसकी अपने पिता अभिमन्यु सिंह से मोबाइल पर आखिरी बार बात हुई थी। जब सुबह छह बजे तक हर्षवर्धन घर नहीं लौटा। तब मां गली के बाहर खड़ी बस में उसे देखने गई। बस के बीचों बीच हर्षवर्धन का शव रस्सी से लटका हुआ था। घटना के समय बस का ड्राइवर ठाडिया निवासी उम्मेदाराम विश्नोई बस की छत पर सो रहा था। सूचना पर माता का थान थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव फंदे से उतारकर मोर्चरी भिजवाया। पुलिस ने परिजन की रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज किया है। सुसाइड के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

# तालाब में डूबे 12वीं छात्र के पिता ने सहपाठियों पर हत्या का आरोप लगाया

- **12वीं के छात्र सागर वैष्णव की चार मार्च को पदम सागर तालाब में डूबने से मौत हो गई थी**
- **पुलिस की तरफ से मर्ग में पहले ही जांच जारी है, अब हत्या के तहत जांच की जाएगी**

**जोधपुर,** (कासं)। पदम सागर में डूबे 12वीं के छात्र के पिता ने सहपाठियों पर हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार शहर के पदम सागर तालाब में होली पर 12वीं का छात्र पानी में डूब गया था। घटना के समय इस बारे में मर्ग की रिपोर्ट दी गई थी।

छात्र अपने सहपाठियों संग पदम सागर तालाब पर नहाने के इरादे से गया था। उसे तैरना नहीं आता था और वह पानी में डूब गया था, मगर अब छात्र के पिता ने सहपाठियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कोर्ट में इस्तगासे के माध्यम से खांडाफलसा थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस की तरफ से मर्ग में पहले ही जांच जारी है। अब हत्या के तहत जांच की जाएगी। हालांकि मामला प्रथम दृष्टया मर्ग का ही प्रतीत हुआ है।

थाना अधिकारी सुरेश पोटलिया ने बताया कि पृथ्वीपुरा रसाला रोड निवासी 12वीं के छात्र सागर वैष्णव की 4 मार्च को पदम सागर में डूबने से मौत हो गई थी। वह उस दिन अपने दो तीन दोस्तों संग परीक्षा खत्म होने के बाद पहले गंगश्याम जी मंदिर गए थे, बाद में यह लोग पदमसागर तालाब पर नहाने पहुंचे थे। उसके दो साथियों को तैरना आता था, जबकि सागर को तैरना नहीं आता था। साथियों ने उसे पानी में उतरने से मना भी किया था। मगर सागर ने फिर भी पानी में जंप लगा दी थी, चूंकि उसे तैरना नहीं आता था, ऐसे में वह पानी में डूब गया। उसके साथी पानी से बाहर आ गए थे। काफी लंबी जंप से वह दूर गहने पानी में चला गया था। घटना के बाद शव को बाहर निकालने में पुलिस और गोताखोरों को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी।

थानाधिकारी पोटलिया ने बताया कि मृतक सागर के पिता प्रभुदयाल वैष्णव ने उसके तीन मित्रों पर हत्या का संदेह जताते हुए केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि वे उसे वहां लेकर क्यूं गए थे। फिलहाल हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है। मर्ग में पहले से ही जांच जारी है, अब हत्या का प्रकरण दर्ज कर अग्रिम जांच की जा रही है।

# हिस्ट्रीशीटर डालचन्द पर इनाम घोषित

**भरतपुर,** (निसं)। महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज कैलाश चन्द्र विश्नोई ने आदेश जारी कर कुख्यात इनामी हिस्ट्रीशीटर अपराधी डालचन्द पुत्र निहाल सिंह निवासी बरखेडा साद पुलिस थाना नगर जिला डीग पर 40 हजार रूपये का नकद इनाम घोषित किया है। उन्होंने बताया कि अपराधी डालचन्द फरार चल रहा है, जो जिला पुलिस के भरसक प्रयासों के बावजूद भी गिरफ्तार नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि अपराधी डालचन्द पुलिस थाना नदबई जिला भरतपुर में वांछित चल रहा है अपराधी के विरूद्ध राजस्थान के विभिन्न पुलिस थानों में 15 प्रकरण दर्ज हैं।

# अजमेर में व्यापारी पर हमला, एक गिरफ्तार

**अजमेर,** (कासं)। रामगंज थाना क्षेत्र में स्टील रेलिंग व्यापारी पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर हमले के पीछे की पूरी वजह और अन्य आरोपियों की भूमिका का पता लगाने में जुटी हुई है।

ट्रेनी आईपीएस एवं रामगंज थाना प्रभारी दीपेन्द्र सैनी ने बताया कि व्यापारी खितेश पर पांच आरोपियों ने हमला किया था। मामले में नामजद आरोपी सतगुरु कॉलोनी निवासी विकास कोली को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें दबिश दे रही हैं। पुलिस के अनुसार सतगुरु कॉलोनी, अजयनगर निवासी राधा कसोटिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया कि उनके पति खितेश भगवानगंज क्षेत्र में स्टील रेलिंग निर्माण का कार्य करते हैं। 3 मई की रात करीब 7 बजे वे दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान घर से कुछ दूरी पहले बाइक सवार 6-7 युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना में घायल व्यापारी खितेश ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले वह एक रेस्टोरेंट में गए थे, जहां कुछ लोगों के बीच विवाद हो रहा था। उन्होंने बीच-बचाव करने की कोशिश की और इसी दौरान एक युवक के कंधे पर हाथ रख दिया। बाद में युवक ने आरोप लगाया कि उसका गला पकड़ा गया है। मौके पर ही माफी मांग लेने के बावजूद आरोपी रंजिश रखने लगे और बाद में रास्ते में रोककर हमला कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 10 मई से हीट वेव का अलर्ट

**बीकानेर,** (निसं)। मई का पहला सप्ताह पार होने से पहले ही बीकानेर में गर्मी ने रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह 11 बजे से ही सूरज की किरणें आग उगलने लगीं, जिससे दोपहर में प्रमुख बाजारों में सन्नाटा पसर गया। 6 मई को अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री से. और न्यूनतम 23.8 डिग्री से. दर्ज किया गया। भीषण गर्मी का सीधा असर व्यापार पर पड़ा है और व्यापारिक टर्नओवर में 20 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। शहर में पानी की मांग 30 प्रतिशत बढ़ गई है। नहरबंदी के कारण आपूर्ति चुनौती बनी हुई है, जिससे गंगाशहर और भीनासर जैसे क्षेत्रों में लोग निजी टैंकरों पर निर्भर हैं। मांग का फायदा उठाकर संचालकों ने दाम 100 से 200 रुपए तक बढ़ा दिए हैं। गर्मी ने बेजुबानों की मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं। परिंदों का पानी खौलने लगा है और पशु छांव तलाश रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार 10 और 11 मई को 45 डिग्री से. डिग्री के साथ हीट वेव का अलर्ट है, जबकि 12 मई को पारा 47 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं।

# उदयपुर में दलित समाज की दुल्हन को घोड़ी से उतारने पर मामला गरमाया

- **समाजजनों ने उदयपुर कलैक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया, दुल्हन भी घोड़ी पर बैठकर पहुंची**

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर के डबोक थाना इलाके के हरियाऊ गांव में दलित समाज की दुल्हन को घोड़ी से उतारने का मामला अब गरमाता जा रहा है। इस घटना के विरोध में गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों ने सड़कों पर उतरकर अपना आक्रोश जताया। पार्टी ने इसे मानवता को शर्मसार करने वाली घटना बताते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शन के दौरान दुल्हन पूजा मेघवाल भी घोड़ी पर चढ़ कर ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंची।

बसपा पदाधिकारी गुरुवार दोपहर को बड़ी संख्या में समाज के लोग नगर निगम परिसर में इकट्ठा हुए। यहां से सभी लोग रैली के रूप में प्रदर्शन करते हुए जिला कलैक्ट्रेट पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और राज्यपाल के नाम जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि गत 29 अप्रैल को पूजा मेघवाल की शादी के दौरान कुछ दबंगों ने उन्हें घोड़ी से उतार दिया था जिससे समाज में भारी रोष है।

बसपा नेताओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पदाधिकारियों का कहना है कि इस घटना में करीब 12 से 13 लोग और कुछ महिलाएं भी शामिल थीं। डबोक थाने में इस संबंध में एफआईआर दर्ज है, लेकिन पुलिस ने अब तक केवल चार लोगों को ही गिरफ्तार किया है। बसपा नेताओं का आरोप है कि बाकी आरोपी अब भी खुलेआम घूम रहे हैं और पुलिस उन्हें पकड़ने में ढिलाई बरत रही है। पार्टी ने जांच की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े किए हैं। बसपा पदाधिकारियों ने मांग की है कि वर्तमान जांच अधिकारी मामले में सुस्ती बरत रहे हैं इसलिए इस केस की जांच किसी वरिष्ठ अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारी को सौंपी जाए। वक्ताओं ने कहा कि देश की आजादी के 76 साल बाद भी गांवों में जातिगत भेदभाव खत्म नहीं हुआ है। इस तरह की मानसिकता को रोकने के लिए सख्त कानूनी कार्रवाई की जरूरत है। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने स्पष्ट किया कि दलित समाज अब इस तरह के अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगा। बहुजन समाज पार्टी ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि फरार आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी नहीं हुई और मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। फिलहाल इस घटना के बाद से क्षेत्र में तनावपूर्ण शांति है और पुलिस मामले की निगरानी कर रही है।

# कर्तव्य में लापरवाही पर बोरानाडा थाना प्रभारी लाइन हाजिर

- **जोधपुर पुलिस कमिश्नर ने एक्शन लिया**

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर पुलिस कमिश्नर शरत कविराज ने बोरानाडा थाना इलाके में एक हुक्का बार चलने की शिकायतों के बाद बड़ा एक्शन लिया है। गंगाणा फांटा के पास खुलेआम चल रहे इस हुक्का बार की हकीकत जानने के लिए कमिश्नर खुद मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में स्थानीय थानाधिकारी की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर इंस्पेक्टर शकील अहमद को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, गंगाणा फांटा के निकट क्षेत्र में अवैध रूप से हुक्का बार संचालित होने की शिकायतें लगातार पुलिस तक पहुंच रही थीं। लेकिन इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी। शिकायतें पुलिस कमिश्नर तक पहुंची तो उन्होंने इसे गंभीरता से लिया। बुधवार देर रात कमिश्नर खुद सिविल ड्रेस में गंगाणा फांटा के पास स्थित वेलोरा रेस्टोरेंट पहुंचे। उन्होंने देखा कि वहां खुलेआम युवाओं को हुक्का परोसा जा रहा था। हकीकत सामने आने के बाद पुलिस कमिश्नर ने तुरंत पुलिस थाना बोरानाडा की टीम को मौके पर तलब किया। इस पूरे मामले की प्रारंभिक छानबीन में थानाधिकारी शकील अहमद की भूमिका संदिग्ध और लापरवाही पाई गई। इसके चलते पुलिस कमिश्नर ने कड़ा एक्शन लेते हुए इंस्पेक्टर शकील अहमद को तुरंत प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया।

# भीलवाड़ा में 15 लाख के जेवर लूटने वाले को पकड़ा

- **बाइक सवार बदमाश बुजुर्ग महिला के हाथ से गहनों भरा बैग छीनकर फरार हो गए थे**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले की रायला थाना पुलिस ने कस्बे में हुई लूट की वारदात का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशानुसार चलाए जा रहे संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम अभियान के तहत रायला थाना पुलिस ने यह बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने करीब 15 लाख रुपये के स्वर्ण आभूषणों की लूट के मामले में आरोपी नेहाल बावरी को दबोचा है।

जानकारी के अनुसा 3 मई को प्रार्थी मुकेश कुमार लढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 75 वर्षीय माता प्रेम देवी लढ़ा 2 मई की शाम भीलवाड़ा से रोडवेज बस द्वारा रायला आई थी। ईरांस चौराहा बस स्टैंड से उनके पिता उन्हें एक्टिवा पर लेकर घर जा रहे थे। रास्ते में राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय के पास बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर बुजुर्ग महिला के हाथ से गहनों भरा बैग छीन लिया और फरार हो गए।

वारदात के बाद एसपी धर्मेंद्र सिंह के आदेश पर रायला थानाधिकारी मूलचंद वर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने भीलवाड़ा शहर, लाम्बिया कलां टोल नाका और हाईवे के सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी सहायता और पुराने अपराधियों के हुलिए के मिलान के आधार पर पुलिस आरोपी नेहाल बावरी (21) पुत्र कैलाश बावरी निवासी तालेड़ा (बूंदी) तक पहुँचने में कामयाब रही। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों और लूटे गए माल की बरामदगी के प्रयास कर रही है।

# बीकानेर में घर से 22 हजार नशे की दवाइयां और कैप्सूल बरामद

**बीकानेर,** (निसं)। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शहर के एक घर से बड़ी संख्या में नशे की दवाइयां और कैप्सूल बरामद किए है। मौके से एक युवक को भी हिरासत में लिया है। ये कार्रवाई एसपी मृदुल कच्छावा के नेतृत्व में गंगाशहर थाना पुलिस ने की थी। बताया जा रहा है दो युवक किराए पर मकान लेकर यहां रहते थे। इनमें से एक मेडिकल स्टोर पर काम करता था।

कॉन्स्टेबल मुखराम को सूचना मिली थी कि एक घर में बड़ी मात्रा में नशे के कैप्सूल और गोलियां हैं। यहां जब दबिश दी गई तो प्रीगेब्लिन और टेंपटाडोल फॉर्मूला की दवाइयां मिली। पुलिस के अनुसार ये दवाइयां सामान्य तौर पर पेन किलर और इमरजेंसी मेडिसिन के तौर पर काम आती है, लेकिन इनके लगातार यूज से इनकी लत लग जाती है।

थानाधिकारी परमेश्वर सुथार ने बताया कि घड़सीर रोड पर मकान में 22 हजार गोलियां और कैप्सूल मिली है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि ये दवाइयां मकान मालिक की नहीं थी। उन्होंने बताया कि एक युवक फरार है, जबकि दूसरा युवक विपिन मकान में ही मिला था। ड्रग इंस्पेक्टर की ओर से आरोपियों के खिलापु मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जांच में जुटी है। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों में से एक सादुलगंज स्थित एक मेडिकल स्टोर पर कर्मचारी रह चुका है।

# जालोर-सिरोही डेयरी में प्रशासक की नियुक्ति पर रोक

**रानीवाड़ा,** (निसं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने जालोर-सिरोही जिला दुग्ध उत्पादक संघ सहकारी लिमिटेड, रानीवाड़ा में प्रशासक नियुक्त करने के सहकारिता विभाग के निर्णय पर अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि विभाग चाहे तो चुनाव प्रक्रिया शुरू कर सकता है।

जस्टिस मुकेश राजपुरोहित की पीठ ने यह आदेश रानीवाड़ा डेयरी के अध्यक्ष जोगसिंह बालोत की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। याचिकाकर्ता के वकील पृथ्वीराजसिंह और हिम्मतसिंह भाटी ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता दूग्ध समिति सेदरिया के अध्यक्ष पद पर कार्यरत थे और कार्यकाल पूरा होने पर उन्होंने समय रहते चुनाव कराने का अनुरोध किया था। इसके बावजूद विभाग ने चुनाव नहीं कराए और अब सेदरिया में अध्यक्ष को हटाकर प्रशासक नियुक्त करने की तैयारी की जा रही है, जो पूरी तरह अवैध और मनमाना कदम है। अदालत ने मामले को विचारणीय मानते हुए राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। साथ ही, मामले की अगली सुनवाई तक प्रशासक नियुक्त करने पर रोक लगा दी है। रानीवाड़ा डेयरी के अध्यक्ष जोगसिंह बालोत अध्यक्ष बने रहेंगे। इस मामले को इसी तरह की एक अन्य याचिका के साथ जोड़कर सुना जाएगा।

# भीलवाड़ा में युवक पर हमला करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के भीमगंज थाना पुलिस ने रोडवेज बस स्टैंड के पास हुई तलवारबाजी की घटना का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी ओमप्रकाश उर्फ ओमा हरिजन और उसकी पत्नी दिव्या हरिजन को चित्तौड़गढ़ से दस्तयाब किया है। गिरफ्तार आरोपी ओमप्रकाश थाना सुभाष नगर का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ चोरी, मारपीट, आर्म्स एक्ट और दुष्कर्म जैसे 9 मामले दर्ज हैं।

जानकारी के अनुसार 2 मई को प्रार्थी राहुल वैष्णव (20), निवासी बिजयनगर, हाल संजय कॉलोनी, भीलवाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। राहुल ने बताया कि 1 मई की रात करीब 12:15 बजे वह महात्मा गांधी चिकित्सालय से चाय पीकर बस स्टैंड के पास बैठा था। इसी दौरान ओमप्रकाश अपनी पत्नी के साथ वहां आया और राहुल से सिगरेट व रुपए मांगने लगा। मना करने पर ओमप्रकाश ने कपड़े में छिपाई हुई तलवार निकाली और राहुल पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में राहुल के हाथ और पैर पर गंभीर घाव हो गए, जिसके बाद उसे 8 टांके आए। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। आरोपी ओमप्रकाश का लंबा आपराधिक इतिहास है। पुलिस के अनुसार आरोपी ओमप्रकाश उर्फ ओमा (20) एक शातिर अपराधी है। वारदात की गंभीरता को देखते हुए एसपी धर्मेंद्र सिंह के निर्देशानुसार एएसपी पारसमल जैन और डीएसपी सज्जन सिंह के सुपरविजन में भीमगंज थानाधिकारी सुनील चौधरी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल के पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों का पीछा किया और उन्हें चित्तौड़गढ़ जिले से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस अब आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त तलवार की बरामदगी और अग्रिम अनुसंधान में जुटी है।

# हमला करने का मामला : साक्ष्यों के अभाव में पूर्व पार्षद सहित सभी आरोपी बरी

## अजमेर में पार्किंग विवाद को लेकर हुये हमले के मामले में अदालत ने फैसला सुनाया

- **कोर्ट ने कहा कि संदेह मात्र के आधार पर किसी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता और आरोप सिद्ध करने के लिए स्पष्ट एवं विश्वसनीय साक्ष्य आवश्यक हैं**

**अजमेर,** (कासं)। स्थानीय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय संख्या-5 ने वर्ष 2022 के बहुचर्चित जानलेवा हमले के मामले में फैसला सुनाते हुए पूर्व पार्षद सहित सभी आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप सिद्ध करने के लिए पर्याप्त और ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाया, जिसके चलते सभी आरोपियों को ससम्मान बरी किया गया।

जानकारी के अनुसार मामला 14 जुलाई 2022 का है, जब अंदरकोट निवासी मजहर खान ने दरगाह थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि पार्किंग विवाद को लेकर पूर्व पार्षद मुख्तयार अहमद सहित अन्य आरोपियों ने तलवारों और लोहे की सरियों से उन पर हमला किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुख्तयार अहमद, आफताब अहमद, शफीक अहमद, आदिल मोहम्मद, हबीबुल्लाह, रईस सुलेमानी, अनीस सुलेमानी, आफताब उर्फ मुन्ना, अशरफ अहमद, मोहम्मद आसिफ, रईस खान तथा मोहम्मद तौसीफ के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अजय त्रिपाठी और श्वेता सिंह चौहान ने अदालत में विस्तृत पैरवी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। साथ ही कथित घटना में प्रयुक्त हथियारों अथवा अन्य वस्तुओं की बरामदगी भी प्रमाणित नहीं हो सकी। सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों और गवाहों का परीक्षण किया। न्यायाधीश भानु कुमार ने अपने निर्णय में कहा कि संदेह मात्र के आधार पर किसी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता और आरोप सिद्ध करने के लिए स्पष्ट एवं विश्वसनीय साक्ष्य आवश्यक हैं। साक्ष्यों के अभाव में अदालत ने सभी आरोपियों को दोषमुक्त करार देते हुए बरी करने के आदेश जारी किए। इस फैसले के बाद न्यायालय परिसर में आरोपियों और उनके समर्थकों ने राहत की सांस ली। वहीं कानूनी जानकारों का कहना है कि यह निर्णय न्यायिक प्रक्रिया में साक्ष्यों की महत्ता को पुनः स्थापित करता है।

# बूंदी : 25 हजार की रिश्वत लेते ग्राम विकास अधिकारी गिरफ्तार

**बूंदी/कोटा,** (निसं)। जिले में एसीबी की स्पेशल यूनिट कोटा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पंचायत समिति केशोरायपाटन के ग्राम पंचायत सखावदा में तैनात ग्राम विकास अधिकारी सतवीर सिंह कुमावत को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकुल शर्मा के नेतृत्व में की गई।

एसीबी के अनुसार परिवादी ने 5 मई को शिकायत दी थी कि उसने स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांव में कचरा संग्रहण, नाली सफाई और सामुदायिक परिसरों की साफ-सफाई जैसे कार्य करवाए थे। इन कार्यों के करीब 1 लाख 50 हजार रुपए के बिल ग्राम विकास अधिकारी को सौंपे गए थे, लेकिन भुगतान जारी करने की एवज में आरोपी ग्राम विकास अधिकारी रिश्वत की मांग कर रहा था।



एसीबी की स्पेशल यूनिट कोटा ने ग्राम विकास अधिकारी को पकड़ा।

- **बिलों के भुगतान जारी करने की एवज में आरोपी ग्राम विकास अधिकारी रिश्वत की मांग कर रहा था**

शिकायत में यह भी बताया गया कि आरोपी अधिकारी पहले से जारी अन्य योजनाओं के कार्य ग्राम पंचायत क्षेत्र में बिना रुकावट चलने देने और परेशान नहीं करने की एवज में भी 25 हजार रुपए मांग रहा था। शिकायत मिलने के बाद एसीबी कोटा ने मामले का गोपनीय सत्यापन करवाया, जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। जिसके बाद एसीबी स्पेशल यूनिट कोटा ने ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। गुरुवार को टीम ने जाल बिछाकर ग्राम विकास अधिकारी सतवीर सिंह कुमावत परिवादी से 25 हजार रुपए लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। एसीबी अधिकारियों के अनुसार आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल, आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसके ठिकानों की भी जांच की जा रही है। करवाई एसीबी उच्च अधिकारियों के निर्देशन में जारी है।

# बड़े अस्पतालों में जांच, दवा और उपचार के लिए होगा प्रभावी प्रबंधन

## दवा आपूर्ति एवं भण्डारण तंत्र को मजबूत करेगी राज्य सरकार

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध सभी बड़े अस्पतालों में जांच, दवा, उपचार एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। अस्पतालों में जन औषधि केंद्र एवं अमृत फार्मेसी प्राथमिकता के साथ खोली जाएंगी। दवाओं के भण्डारण तंत्र को मजबूत किया जाएगा। साथ ही, रोगियों को कतारों से मुक्ति दिलाने एवं सुगमता से इलाज उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अन्य अस्पताल जहां रोगी भार अत्यधिक रहता है, वहां भी ईवनिंग ओपीडी शुरू करने के प्रयास किए जाएंगे।

चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने गुरूवार को चिकित्सा शिक्षा निदेशालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राय: देखने में आता है कि कई बड़े अस्पतालों में रोगियों का भार अधिक होने के कारण उन्हें इलाज लेने में परेशानी आती है। ओपीडी में लंबे समय तक रोगियों को इंतजार करना पड़ता है। इसे देखते हुए क्राउड मैनेजमेंट के लिए ईवनिंग ओपीडी की व्यवस्था के प्रयास किए जाएं। अस्पतालों में आवश्यकतानुसार दवा वितरण केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने नए मेडिकल कॉलेजों में पर्याप्त फैकल्टी एवं संसाधन उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए।

राठौड़ ने कहा कि गर्मी के मौसम में अस्पतालों में आग की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, इसे ध्यान में रखते हुए फायर सेफ्टी के सभी मानकों को जांचा जाए। सभी अस्पतालों में फायर सेफ्टी आडिट आवश्यक रूप से हो। साथ ही, सभी अस्पतालों में मॉक ड्रिल की जाए। उन्होंने सभी अस्पतालों में गर्मी को देखते हुए रोगियों एवं परिजनों के लिए छाया एवं पानी का समुचित प्रबंध करने के भी निर्देश दिए।




**चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने गुरूवार को चिकित्सा शिक्षा निदेशालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उच्च स्तरीय बैठक ली।**

- प्रमुख शासन सचिव ने मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं अधीक्षकों को निर्देश दिए
- हीटवेव प्रबंधन, दवा उपलब्धता, बजट घोषणा, फायर सेफ्टी एवं अन्य व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की

### दवा उपलब्धता की नियमित समीक्षा कराएं

प्रमुख शासन सचिव ने मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना के तहत आपूर्ति की जाने वाली दवाओं की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि रोगियों को आवश्यक दवा सूची में निर्धारित सभी दवाएं आवश्यक रूप से उपलब्ध हों। उन्हें दवाओं के लिए भटकना नहीं पड़े। उन्होंने राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक श्री पुखराज सेन को निर्देश दिए कि प्रदेशभर में दवाओं की उपलब्धता की समीक्षा करवाएं, जहां भी दवाओं की कमी है, वहां तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही, जिन दवाओं के रेट कॉन्ट्रेक्ट होना शेष है, उनकी दर संविदा जल्द की जाए। उन्होंने दर संविदा होने तक नियमानुसार स्थानीय स्तर पर दवाओं की खरीद कर रोगियों को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। श्रीमती राठौड़ ने कहा कि हीटवेव एवं मौसमी बीमारियों से संबंधित दवाएं हर अस्पताल एवं आवश्यक रूप से उपलब्ध हो।

### दवा भण्डारण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

राठौड़ ने कहा कि हर अस्पताल एवं औषधि भण्डार गृहों के प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि दवाओं का भण्डारण प्रोटोकॉल के अनुसार हों। भण्डारण में किसी भी तरह की लापरवाही पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि औषधि भण्डार गृहों एवं दवा वितरण केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी अस्पताल में अनावश्यक रूप से दवाएं रखी हों तो उन्हें जहां आवश्यकता हैं, वहां भिजवाया जाए, ताकि वे अवधिपार नहीं हों। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि सभी अस्पताल सही आकलन कर दवाओं की व्यावहारिक मांग पोर्टल पर भेजें, ताकि दवाओं की कमी या अधिकता की स्थिति नहीं हो।

### अधिशेष व खराब उपकरणों की रिपोर्ट मांगी

प्रमुख शासन सचिव ने अस्पतालों में उपलब्ध उपकरणों की क्रियाशीलता एवं उपयोग को लेकर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी अस्पताल में उपकरण अधिशेष मात्रा में है तो उसकी जानकारी तत्काल भिजवाएं, ताकि उनका उपयोग जहां आवश्यकता है, वहां हो सके। उन्होंने खराब उपकरणों को तत्काल ठीक करवाने के भी निर्देश दिए।

### समय पर पूरे हों प्रोजेक्ट, गुणवत्ता का रखें ध्यान

राठौड़ ने कहा कि हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए जो बजट घोषणाएं की गई हैं, उनका काम टाइमलाइन में पूरा किया जाए। साथ ही, जो प्रोजेक्ट पहले से चल रहे हैं उनका काम गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उन्हें समय पर पूरा किया जाए। कोई प्रोजेक्ट किसी तकनीकी या अन्य कारण से अधूरा है तो राज्य स्तर पर अवगत कराएं। पीडब्ल्यूडी, आरएसआरडीसी सहित अन्य निर्माण एजेंसियां के साथ बेहतर समन्वय किया जाए। उन्होंने अन्य बजट घोषणाओं को भी समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। आरएमएससीएल के प्रबंध निदेशक पुखराज सेन ने कहा कि दवाओं की समुचित उपलब्धता के लिए समयबद्ध रूप से दर संविदा किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दवाओं के प्रोटोकॉल के अनुसार भण्डारण के लिए एयर कंडीशनर सहित अन्य संसाधनों की कहीं भी आवश्यकता हो तो अवगत कराएं, आरएमएससीएल के माध्यम से इनकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त बाबूलाल गोयल, आरएमएससीएल के विशेषाधिकारी जय सिंह, सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य, अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जयपुर स्टेट हैंगर पर मुख्यमंत्री ने किया स्वागत



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जयपुर पहुंचने पर उनकी अगवानी की तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन राठौड़, सांसद मदन राठौड़ सहित अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि रक्षा मंत्री ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सप्त शक्ति कमान में आयोजित संयुक्त कमांडर्स सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए जयपुर आए हैं।**

# गैर पारंपरिक स्त्रोतों से विद्युत उत्पादन में देश का ''एनर्जी इंजन'' बनकर उभरा राजस्थान

## विगत दो वित्तीय वर्षों में 12 हजार करोड़ यूनिट से अधिक उत्पादन कर मजबूत कदम बढ़ाए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** सौर ऊर्जा उत्पादन में राजस्थान सिरमौर बन गया है। इतना ही नहीं राजस्थान गैर पारंपरिक स्त्रोतों से विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में देश का 'एनर्जी इंजन' बनकर उभर रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में विगत दो वर्षों में राजस्थान ने 12 हजार 647 करोड से अधिक यूनिट बिजली उत्पादन कर ऊर्जा आत्मनिर्भता की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाए हैं।

राजस्थान का गैर-पारंपरिक ऊर्जा उत्पादन 2024-25 में 5735 करोड़ से अधिक यूनिट तक पहुंच गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में ही राजस्थान 6912 से अधिक यूनिट का आंकड़ा पार कर चुका है। गैर-पारंपरिक ऊर्जा उत्पादन में साल दर साल हो रही बढ़ोतरी यह दर्शाती है कि राजस्थान वैकल्पिक स्त्रोतों से ऊर्जा उत्पादन की दिशा में कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

सौर ऊर्जा क्षमता राजस्थान की सबसे बड़ी ताकत है। यही कारण है कि राजस्थान ने 'सोलर कैपिटल ऑफ इंडिया' के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है। राज्य में सालभर प्रचुर मात्रा में सूर्य का प्रकाश उपलब्ध रहता है, जिससे यहां सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए आदर्श परिस्थितियां बनती हैं। 2024-25 में राजस्थान का सौर ऊर्जा उत्पादन 4910 करोड़ यूनिट से अधिक हो गया। वहीं, वित्तीय वर्ष 2025-26 राज्य में सौर ऊर्जा उत्पादन बढ़कर 5992 करोड़ यूनिट से अधिक हुआ।

सौर ऊर्जा के साथ-साथ राजस्थान ने पवन, बायोमास एवं लघु हाइड्रो ऊर्जा जैसे गैर-पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। जैसलमेर, बाड़मेर और जोधपुर जैसे राजस्थान के पश्चिमी हिस्सों में पवन ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं। विगत दो वर्षों में पवन ऊर्जा से 1428 करोड़ से अधिक यूनिट उत्पादन किया। बायो मास में 117 करोड़ से अधिक यूनिट, लघु हाइड्रो से 1 करोड़ से अधिक यूनिट, लार्ज हाइड्रो से भी 197 करोड़ यूनिट से अधिक ऊर्जा का उत्पादन किया गया है। यह प्रमाण है कि राज्य सरकार द्वारा ऊर्जा स्त्रोतों के विविधीकरण पर प्रमुखता से ध्यान दिया जा रहा है।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने ली पर्यटन विभाग की बैठक

## पर्यटन विकास कार्यों को गति प्रदान करने के दिए निर्देश

**जयपुर ( कासं )।** उपमुख्यमंत्री तथा पर्यटन मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता तथा शासन सचिव शुचि त्यागी एवं पर्यटन आयुक्त रुक्मिणी रियाड़ की उपस्थिति में गुरुवार को सचिवालय में विभागीय समीक्षा बैठक हुई। दिया कुमारी ने राज्य में पर्यटन विकास के लिए ढांचागत सुविधाओं का विकास शीघ्रता से किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटकों के लिए सबसे पहली प्राथमिकता है कि उन्हें मूलभूत सुविधाएं सहज सुलभ हो। उन्होंने शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण और जीर्णोद्धार कार्य को गति प्रदान करने के साथ ही निर्देश दिए कि इस क्षेत्र में पर्यटन विकास की मूलभूत सुविधाओं का विकास प्राथमिकता से किया जाए।

- पर्यटकों के लिए सबसे पहली प्राथमिकता है कि उन्हें मूलभूत सुविधाएं सहज सुलभ हो : दिया कुमारी

उन्होंने इसके साथ ही बावड़ियों संरक्षण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर राज्य में चिन्हित बावड़ियों के जीर्णोद्धार कार्यों को विशेषज्ञ कंसलटेंट्स के पर्यवेक्षण में उनकी मूल वास्तुशैली के अनुरूप कार्य कराने के निर्देश दिए । उपमुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में सेंटर सम्बन्ध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सेंटर, विद्याधर नगर के लिए जेडीए द्वारा पर्यटन विभाग के नाम पट्टा जारी के पश्चात इस हेतु जेडीए के सहयोग से आगे की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दिया कुमारी ने पुष्कर विकास परियोजना की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने इस सम्बन्ध में अभी तक की प्रगति से अवगत कराया। उपमुख्यमंत्री ने पर्यटन ऐप की समीक्षा करते हुए इसे शीघ्रता से विकसित किये जाने के निर्देश दिए। दिया कुमारी ने आरटीडीसी की परिसम्पत्तियों की स्थिति पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने अवगत कराया कि विभागीय परामर्श दाता फर्म द्वारा एक स्टडी रिपोर्ट का प्रारूप उपलब्ध करवाया गया है। जयपुर के चारदीवारी शहर में पर्यटन केंद्र पर टीएफसी के लिए नवीन निविदा की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उपमुख्यमंत्री ने आमेर लाइट एंड साउंड शो हेतु आवश्यक प्रक्रिया को गति प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमेर-नाहरगढ़ एवं आसपास का क्षेत्र के विकास प्रोजेक्ट को भी गति प्रदान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जल महल का विकास कार्य को भी गति प्रदान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आमेर मास्टर प्लान की डीपीआर पर चर्चा कर उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए। उक्त परियोजना की लागत 50 करोड़ रुपये है, जिसमें से 11 करोड़ रुपये के कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट (डीपीआर) द्वारा तैयार की जाएगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की विभिन्न योजनाओं और कार्यों की समीक्षा की और शेखावाटी क्षेत्र में ऐतिहासिक हवेलियों का जीर्णोद्धार को प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश दिए।



**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक हुई। इस मौके पर शासन सचिव शुचि त्यागी एवं पर्यटन आयुक्त रुक्मिणी रियाड़ समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।**

# आदिवासी जिलों में बच्चों की मौत पर जवाबदेही तय करें सीएम : जूली

**जयपुर ।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रतापगढ़ दौरे को लेकर तीखे सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में 15-16 मासूम बच्चों की अज्ञात बीमारी और चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में अकाल मृत्यु हो गई, मुख्यमंत्री वहां जाकर भी उन शोक संतप्त परिवारों की सुध नहीं लेते। जूली ने पूछा, ''मुख्यमंत्री जी, क्या आप उन जिम्मेदार सरकारी लोगों की जवाबदेही तय करेंगे, जिनकी लापरवाही से इन परिवारों ने अपने नौनिहालों को खो दिया? यदि आप उनके आंसू नहीं पोंछ सकते, तो आपका यह दौरा महज एक सैर-सपाटा और फोटो अपॉर्चुनिटी बनकर रह गया है।''

उन्होंने कहा कि ''आदिवासी जिलों में अज्ञात बीमारी से बच्चों की मौत, कोटा में प्रसूता की मौत, श्रीगंगानगर में दलित इंजीनियर की पिटाई तथा अलवर के दलित नाबालिग बच्चे से पुलिस बर्बरता के मुद्दों पर मुख्यमंत्री की चुप्पी चिंताजनक है।'' उन्होंने याद दिलाया कि जब झालावाड़ में स्कूल की छत गिरने से मासूम बच्चों की जान गई, तब भी मुख्यमंत्री ने वहां जाने की जहमत नहीं उठाई। उन्होंने कहा कि घटनाएं और दुर्घटनाएं दुखद होती हैं, लेकिन एक जिम्मेदार मुखिया का दायित्व होता है कि वह पीड़ित के साथ खड़ा हो। दुर्भाग्य से, राजस्थान में आज ऐसी सरकार है जिसे जनता के दर्द से ज्यादा अपनी छवि की चिंता है।

# अस्पतालों की होगी अग्नि सुरक्षा जांच

## सीएमएचओ की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय

**जयपुर( कासं )।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि वह जयपुर सहित प्रदेश के अन्य शहरों में स्थापित अस्पतालों में पर्याप्त फायर फायटिंग सिस्टम के संबंध में रिपोर्ट पेश करें। अदालत ने कहा कि यदि किसी भी अस्पताल में उचित अग्निशमन प्रणाली नहीं पाई जाती है तो संबंधित सीएमएचओ की ओर से तय टाइम लाइन के साथ उसे नोटिस जारी किए जाए। एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस बिपिन गुप्ता की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि बीस बेड से अधिक क्षमता वाले हर अस्पताल व क्लिनिक की ओर से पर्याप्त सुरक्षा उपायों को लेकर दिए गए दिशा-निर्देशों की पालना की जा रही है। अदालत ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक अस्पताल में नियमित रूप से फायर ड्रिल आयोजित की जाए और फायर सेफ्टी प्रणाली का ज्ञान रखने वाले कम से कम दो विशेषज्ञों को प्रत्येक सरकारी अस्पताल में तैनात किया जाए।

अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि निजी अस्पतालों को भी इसी तरह के कदम उठाने होंगे और अपनी रिपोर्ट संबंधित सीएमएचओ को सौंपनी होगी। अदालत ने इस संबंध में जुलाई माह के दूसरे सप्ताह में सुनवाई तय करते हुए रिपोर्ट पेश करने को कहा है। गौरतलब है कि नवंबर, 2024 में झांसी के एक मेडिकल कॉलेज में नवजात शिशु वार्ड में आग लगने से दस नवजातों की मौत हो गई थी। इस पर अदालत ने प्रदेश के सरकारी अस्पताल के पास फायर एनओसी नहीं होने के मामले में स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लेते हुए अधिवक्ता राजेश मुथा को न्यायमित्र नियुक्त किया था।

# आदेश की पालना नहीं करने पर अफसरों को अवमानना नोटिस

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बावजूद भी सफाई कर्मचारियों के अभ्यावेदन का निस्तारण नहीं करने पर प्रमुख स्थानीय निकाय सचिव रवि जैन, निदेशक जुईकर प्रतीक चंद्रशेखर और टोडारायसिंह के अधिशासी अधिकारी पवन कुमार को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस अनिल कुमार उपमन की एकलपीठ ने यह आदेश शंकर लाल माली व अन्य की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।याचिका में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता स्थानीय नगर पालिका में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। जिन्हें नगर पालिका ने मई, 2023 को निलंबित कर दिया था। वहीं नगर पालिका की ओर से अप्रैल, 2024 से निर्वाह भत्ते का भुगतान नहीं करने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने गत 5 मार्च को याचिकाओं का निस्तारण करते हुए नगर पालिका को याचिकाकर्ताओं के अभ्यावेदन का तीस दिन में निस्तारण करने को कहा था।

# ''ग्राम'' के तहत आज हैदराबाद में होगी इनवेस्टर मीट

**जयपुर।** राजस्थान को कृषि नवाचार, एग्रीटेक निवेश और तकनीक आधारित कृषि विकास का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में कृषि विभाग, राजस्थान द्वारा फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) तथा राजस्थान फाउंडेशन के सहयोग से 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026' के तहत 8 मई शुक्रवार को हैदराबाद में एक महत्वपूर्ण इनवेस्टर मीट आयोजित की जा रही हैं, जिसमें कृषि, एग्रीटेक, आईटी, बीज प्रौद्योगिकी, संरक्षित खेती और कृषि अनुसंधान से जुड़े प्रमुख उद्योग प्रतिनिधि, निवेशक और विशेषज्ञ भाग लेंगे। रोडशो के दौरान स्कोप ऑफ आईटी इंटरवेंशन एंड टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन इन एग्रीकल्चर विषय पर विशेष पैनल चर्चा आयोजित की जाएगी।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे फार्मा कंपनियों, निवेशकों और उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद

पैनल चर्चा में आईटीसी, कोरोमंडल, नुजिवीडु सीड्स, खेयती, आईसीआरआईसैट तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ऑयलसीड्स रिसर्च (आईआईओआर) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों और कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। चर्चा के दौरान राजस्थान में एग्रीटेक विस्तार, तकनीकी नवाचार, इंटर-स्टेट सहयोग तथा कृषि निवेश के नए अवसरों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा उनके साथ राजस्थान के कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम, सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री निवेशकों, उद्योगपतियों और राजस्थान फाउंडेशन के सदस्यों के साथ विशेष संवाद भी करेंगे, जिसमें राजस्थान में कृषि आधारित निवेश, एग्रीटेक स्टार्टअप्स, प्रोसेसिंग, सप्लाई चेन और तकनीकी साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा एग्रीटेक कंपनियों के साथ साथ फार्मा कंपनियों से भी वन ऑन वन मीटिंग की जाएंगी।

# सहकारी समितियों में गबन-घोटालों के मामले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे : मंत्री गौत्तम दक

## रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं करवाने वाली समितियों के विरूद्ध दर्ज करवाएं एफआईआर : सहकारिता मंत्री

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि सहकारी समितियों में गबन-घोटालों के मामले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और ऐसे प्रकरण सामने आने पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों की ऑडिट एवं आमसभा समयबद्ध रूप से सम्पन्न होने से गबन-घोटालों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। दक गुरूवार को अपेक्स बैंक सभागार में नाबार्ड एवं शीर्ष सहकारी बैंक द्वारा 'सहकारिता में सहकार' अभियान के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी समितियों की ऑडिट अनिवार्य रूप से जून माह से पूर्व एवं आमसभा सितम्बर माह से पूर्व सम्पन्न करवाई जाए। आमसभा में सहकारिता विभाग का प्रतिनिधि आवश्यक रूप से उपस्थित रहे तथा आमसभा की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी करवाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आमसभा के आयोजन से पूर्व इसकी सूचना समाचार पत्रों में विज्ञप्ति के माध्यम से आमजन को दी जाए। साथ ही, आमसभा में समिति की सम्पत्ति एवं जमाओं की जानकारी सार्वजनिक की जाए।

सहकारिता मंत्री ने निर्देश दिए कि जो समितियां ऑडिट के लिए रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं करवा रही हैं, उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाए। गबन-घोटालों के सभी मामलों में वसूली सुनिश्चित की जाए तथा अनियमितता करने वाले व्यक्ति व उसके परिवार की सम्पत्ति को अटैच करवाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत प्रदान किये गए ऋणों की शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जाए। योजना के अंतर्गत नये आवेदकों को ऋण उपलब्ध करवाये जाएं तथा ऋण वितरण में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने ऋण प्राप्त करने वाले परिवारों से फीडबैक लेकर ऋण वितरण में कमीशन लेने वाले कार्मिकों के विरूद्ध कार्रवाई के भी निर्देश दिए। दक ने सहकारी बैंकों के विस्तार की आवश्यकता व्यक्त करते हुए नई शाखाएं खोलने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने नये खाते खोलने, जमाएं बढ़ाने तथा अकृषि ऋण वितरण पर फोकस करने के भी निर्देश प्रदान किए। सहकारिता मंत्री ने निर्देशित किया कि पैक्स कम्प्यूटराइजेशन प्रोजेक्ट के अंतर्गत शत प्रतिशत डायनामिक डे-एंड करवाया जाए तथा आधार इनेबल्ड बायोमीट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को पैक्स स्तर तक लागू किया जाए।




**सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने गुरूवार को नाबार्ड एवं शीर्ष सहकारी बैंक द्वारा 'सहकारिता में सहकार' अभियान के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित किया।**

- गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना में नये आवेदकों को उपलब्ध करवाएं ऋण : दक

सहकारिता विभाग के शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां डॉ. समित शर्मा ने म्हारो खातो, म्हारो बैंक विषय पर चर्चा करते हुए अधिक से अधिक सक्रिय दुग्ध सहकारी समितियों के खाते सहकारी बैंकों में खोले जाने पर विशेष जोर दिया। राजफेड के प्रबंध निदेशक सौरभ स्वामी ने कहा कि दुग्ध सहकारी समितियों और उनके सदस्यों द्वारा सहकारी बैंकों में खाता खोलने के साथ-साथ लेनदेन भी सहकारी बैंकों से किया जाना अति आवश्यक है, इसके लिए जिला स्तर पर कार्यवाही की जाए।

नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. आर. रवि बाबू ने कहा कि गुजरात के बनासकांठा की तरह राज्य की सहकारी संस्थाओं को भी आपस में सामंजस्य व समन्वय स्थापित कर प्रगति करनी चाहिए। कार्यशाला में नाबार्ड के शीर्ष सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक रणजीत सिंह चूंडावत, सहकार से समृद्धि के कंसल्टेंट आर.एस. जोधा एवं चूरू सीसीबी के प्रबंध निदेशक मदनलाल द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। कार्यशाला में नाबार्ड, सहकारिता विभाग, डेयरी, मत्स्य पालन एवं अपेक्स बैंक के वरिष्ठ अधिकारी तथा सभी केन्द्रीय सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने बम्बोरी ग्राम में घर-घर जाकर ग्रामीणों से मुलाकात की

## उन्होंने गाँव में ही रात्रिवास किया तथा सुबह बच्चों व महिलाओं से बात की तथा ग्रामीण के साथ चाय पर चर्चा की

प्रतापगढ़/जयपुर, 7 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार सुबह प्रतापगढ़ के बम्बोरी ग्राम का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर ग्रामीणों से आत्मीयता से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने गांव भ्रमण के दौरान बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और उनके स्वास्थ्य, पेंशन एवं वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के संबंध में जानकारी ली। वहीं, जब बच्चों ने मुख्यमंत्री को अपना होमवर्क दिखाया और पढ़ाई के बारे में बात की, तो उन्होंने बच्चों को दुलार करते हुए चॉकलेट्स भी वितरित कीं। उन्होंने महिलाओं से संवाद करते हुए अधिकाधिक संख्या में राजीविका से जुड़ने का आ ान किया।

■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ग्राम विकास चौपाल तथा ग्राम विकास रथ राज्य सरकार के ''विकसित राजस्थान'' के संकल्प को साकार करने के लिए की गई महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंन सपत्नीक बम्बोरी गाँव के गंगेश्वर मंदिर में जलाभिषेक किया व पूजा-अर्चना की।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को प्रतापगढ़ के बम्बोरी ग्राम का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर ग्रामीणों से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने गांव में ही रात्रि निवास किया और प्रातः भ्रमण के बाद ग्रामीणों के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों एवं महिलाओं से संवाद किया तथा मूलभूत सुविधाओं से लेकर लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों के विकास के बिना देश और प्रदेश का समग्र विकास संभव नहीं है। जब तक गांवों के बीच जाकर लोगों से संवाद नहीं किया जाएगा, तब तक उनकी समस्याओं को पूर्ण रूप से समझा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास चौपाल और ग्राम विकास रथ 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को साकार करने की दिशा में की गई महत्वपूर्ण पहल हैं।

मुख्यमंत्री ने गांव में स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर में सपत्नीक जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। साथ ही, उन्होंने लक्ष्मीनाथ जी मंदिर एवं चारभुजानाथ जी मंदिर में भी दर्शन किए।

इस दौरान, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, सांसद सीपी जोशी, विधायक श्रीचंद कृपलानी भी उनके साथ रहे।

# कारगिल की तरह ऑपरेशन सिंदूर की भी समीक्षा करें- जयराम रमेश

नई दिल्ली, 07 मई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेनाओं द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने देश की सेना को सलाम करते हुए सरकार से घटनाक्रम की समीक्षा की मांग की है।

उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के बाद तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने के सुब्रह्मण्यम की अध्यक्षता में कारगिल समीक्षा समिति गठित कर भविष्य के लिए सिफारिशें दी थीं, उसी तर्ज पर ऑपरेशन सिंदूर की समीक्षा भी आवश्यक है।

रमेश ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि इस अवसर पर हमें सशस्त्र बलों की उपलब्धियों को याद करना चाहिए और उन घटनाओं को भी स्मरण करना चाहिए, जिन्होंने इस अभियान को आकार दिया। उन्होंने लिखा कि 30 मई 2025 को सिंगापुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने स्वीकार किया था कि शुरुआती दौर में टैक्टिकल गलतियों के कारण भारत को नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन बाद में सुधार कर पाकिस्तान के भीतर तक सटीक हमले किए गए।

# अलवर के गोविंदगढ़ थाने पर हमले में थानाधिकारी गंभीर रूप से घायल

## हुड़दंग मचा रहे युवकों की बाइक जब्त होने से उत्तेजित 50-60 की भीड़ ने थाने पर पत्थरबाजी की

अलवर, 7 मई (निसं)। अलवर जिले के गोविंदगढ़ थाने पर बुधवार रात करीब 50-60 लोगों ने पथराव कर दिया। पथराव में थानाधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। एएसआई के साथ धक्का-मुक्की और अभद्रता की गई। घटना हुड़दंग मचा रहे 2 युवकों की बाइक जब्त करने के बाद हुई। भीड़ को खदेड़ने के बाद एहतियात के तौर पर करीब 15 थानों से पुलिस का जाब्ता बुलाया गया।

■ रात दस बजे जब्त की गई बुलेट दिल्ली नम्बर की थी। उस पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नहीं थी तथा पटाखे की आवाज़ करने वाला अवैध मॉडिफाइड साइलैंसर लगा था?

■ थाने में मौजूद पुलिस ने भीड़ को खदेड़कर भगाया। बाद में एहतियात के तौर पर आस-पास के 15 थानों से पुलिस का जाब्ता बुलाया गया।

थानाधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि पुलिस ने रात करीब 10 बजे हुड़दंग मचा रहे 2 युवकों पर कार्रवाई की। नियमों का उल्लंघन करने पर दिल्ली नंबर की उनकी बुलेट बाइक जब्त कर ली। बाइक पर न हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट थी और न ही मानक साइलेंसर लगा था। बाइक में तेज आवाज वाले अवैध हॉर्न और पटाखे जैसी साउंड निकालने वाला मॉडिफाइड साइलेंसर भी लगा हुआ था। बाइक जब्त करने पर युवकों ने विरोध किया, फिर थोड़ी देर बाद वहां से चले गए।

पुलिस के अनुसार, कुछ देर बाद ये युवक 50 से ज्यादा लोगों के साथ थाने पहुंच गए। इन लोगों ने बलवीर सिंह से बाइक लौटाने को कहा तो एएसआई ने नियमानुसार कार्रवाई की बात कही। इस पर लोग भड़क गए और बलवीर से अभद्रता और धक्का-मुक्की करने लगे। भीड़ ने थाने पर पथराव शुरू कर दिया, जिससे स्थिति हिंसक हो गई। पुलिस की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई।

पथराव के दौरान ही थानाधिकारी धर्म सिंह घायल हो गए, जिन्हें तुरंत गोविंदगढ़ सीएचसी ले जाया गया। गोविंदगढ़ थाने में मौजूद पुलिस बल ने भीड़ को खदेड़कर वहां से भगाया। घटना की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी डॉ. प्रियंका रघुवंशी और पुलिस उपाधीक्षक कैलाश जिंदल तुरंत मौके पर पहुंचे। पथराव के बाद एहतियात के तौर पर कोतवाली अलवर, एनईबी, शिवाजी पार्क, उद्योग नगर एमआईए, वैशाली नगर, सदर अलवर, टहला, रामगढ़, नौगांवा, लक्ष्मणगढ़, कठूमर, मालाखेड़ा, बड़ौदामेव, राजगढ़ और रैणी थाने से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया।

एडिशनल एसपी डॉ. प्रियंका रघुवंशी ने बताया कि बाइक जब्त करने के बाद रात 11:15 बजे के करीब 50-60 लड़के हुजूम के रूप में आए। समझाइश के दौरान कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसमें थानाधिकारी सहित तीन-चार पुलिसकर्मियों के चोटें आई हैं। रात को ही मुकदमा दर्ज कर 18 लोगों को डिटेन किया है। उनकी पहचान की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गृह विभाग अपने पास रखा, निशांत कुमार स्वास्थ्य मंत्री बने

## मोदी, शाह, राजनाथ, नितिन नबीन व नीतीश की उपस्थिति में बिहार में 32 मंत्रियों ने शपथ ली

पटना, 07 मई। बिहार में नई सरकार के गठन के 22 दिन बाद गुरुवार को सम्राट कैबिनेट का विस्तार कर दिया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गृह विभाग समेत, 6 विभाग अपने पास रखे हैं। डिप्टी सीएम बिजेन्द्र प्रसाद यादव को वित्त विभाग की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि विजय कुमार चौधरी जल संसाधन विभाग संभालेंगे। वहीं, नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को स्वास्थ्य विभाग सौंपा गया है।

■ नए मंत्रिमंडल में भाजपा के 15, जदयू के 13, लोजपा (रामविलास) के 2 तथा हम व रालोमो के एक-एक मंत्री है। सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल में मुस्लिम कोटे से सिर्फ एक जमा खान मंत्री बनाये गये हैं।

निशांत पहली बार मंत्री बने हैं और फिलहाल किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं। शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी मिथिलेश तिवारी संभालेंगे। शिक्षा विभाग पहली बार भाजपा के खाते में गया है। पटना के गांधी मैदान में कुल 32 मंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। नई कैबिनेट में भाजपा के 15, जदयू के 13, लोजपा (रामविलास) के 2, हम के 1 और रालोमो के 1 मंत्री शामिल हैं।

सम्राट कैबिनेट में मुस्लिम कोटे से सिर्फ एक मंत्री जमा खान बने हैं। भाजपा ने अपने कोर सवर्ण वोट बैंक के साथ-साथ वैश्य, यादव, निषाद, पासवान और रविदास समाज को भी प्रतिनिधित्व दिया है। पार्टी ने खास तौर पर वैश्य समुदाय को बड़ी हिस्सेदारी देकर व्यापारिक वर्ग को साधने की कोशिश की है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सहित कई शीर्ष नेता उपस्थित रहे। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने मंच पर एक-एककर मंत्रियों को शपथ दिलाई। समारोह में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार सहित कई केन्द्रीय मंत्री और वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने अद्वितीय साहस का परिचय दिया- मोदी

नई दिल्ली, 07 मई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, पराक्रम और कर्तव्यनिष्ठा को नमन किया। उन्होंने कहा कि एक वर्ष पहले भारतीय सेना ने पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए हमले का मुंहतोड़ जवाब देते हुए अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

प्रधानमंत्री ने आज सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की आतंकवाद के खिलाफ कठोर नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के अटूट संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने भारतीय सेनाओं की पेशेवर क्षमता, तैयारी और आपसी समन्वय को भी दुनिया के सामने मजबूती से प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक संस्कृत सुभाषित साझा किया, उदीर्णमनसो योधा वाहनानि च भारत। यस्यां भवन्ति सेनायां ध्रुवं तस्यां जयं वदेत्।'' इस सुभाषित का अर्थ है कि हे भारत जिस सेना में ऐसे योद्धा हों जिनका मन उत्साह और साहस से भरा हुआ हो और जिनके वाहन भी सुसज्जित और सक्षम हों, उस सेना की विजय निश्चित मानी जाती है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील की कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सशस्त्र बलों के सम्मान में लोग अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप पर साझा की गई तस्वीर को अपनी डिस्प्ले पिक्चर बनाएं।

# कोई भी दिल्ली से ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

व्यक्तिगत सहायक चंद्रनाथ रथ की मौत इस कारण हुई कि उन्होंने (शुभेन्दु अधिकारी) ''भवानीपुर'' सीट जीत ली।

चंद्रनाथ रथ पूर्व में भारतीय वायुसेना में थे और बाद में उन्होंने अधिकारी के पीए के रूप में कार्य किया। उनकी शोकाकुल मां ने अभिषेक बनर्जी के एक उत्तेजक बयान का उल्लेख किया।

ममता के भतीजे, अभिषेक बनर्जी ने अपने चुनावी सभा के मंच से खुले तौर पर धमकी दी थी कि 4 मई (जब परिणाम घोषित होने वाले थे) के बाद, ''दिल्ली वाला कोई भी डैडी'' तृणमूल कांग्रेस के विरोधियों को बचा नहीं पाएगा।

यह नफरत फैल रही है और शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी के दौरान विकृत मानसिकता सामने आ सकती है। यह इतनी तेजी से वायरल हो गई कि कोलकाता से दिल्ली की उड़ान में यात्रियों ने महुआ मोइत्रा को देखते ही दोनों नेताओं, ममता और अभिषेक के नाम जोर-जोर से पुकारे और उनका विरोध किया।

कालीघाट में अभिषेक बनर्जी के घर के पास भीड़ जमा हो गई और उनके खिलाफ नारेबाजी की। लोगों को शिकायत थी कि उनके निवास के सामने सड़कों को पूरी तरह बंद कर दिया गया है, और लोग सड़क पर चल नहीं पा रह हैं।

तृणमूल कांग्रेस, अपनी सर्वोच्च नेता ममता बनर्जी के नेतृत्व में, अनिश्चित माहौल पैदा कर रही है और शपथ ग्रहण से ठीक पहले हिंसक घटनाएं भय और असुरक्षा की भावना पैदा कर सकती है।

इस प्रकार, गंभीर रूप से प्रभावित कानून और व्यवस्था की स्थिति भाजपा की राज्य सरकार को असुरक्षित और असफल बना सकती है। यह राज्य में स्थिरता प्रदान करने वाली प्रभावी पार्टी के रूप में भाजपा की छवि को गंभीर रूप से चोट पहुँचा सकती है।

हालांकि इस बार चुनाव शांतिपूर्ण थे, केन्द्रीय बलों की मजबूत मौजूदगी के कारण। हिंसा की छुटपुट घटनाएं ही हुईं और कम से कम दो भाजपा समर्थकों की हत्याओं के मामले सामने आए।

# इंटरनैशनल कोर्ट तक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उन्होंने विधानसभा चुनाव को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कही थी, लेकिन उनका नवीनतम इशारा यह है कि आवश्यक होने पर वे इस मामले को अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) तक ले जाएंगी, उन्होंने चुनाव परिणाम और संभावित राष्ट्रपति शासन को अस्वीकार करने की बात कही।

खुद एक योग्य वकील होने के नाते, ममता जानती हैं कि वे क्या कह रही हैं, और उन्होंने इस्तीफा देने से इनकार किया है, जबकि भाजपा पश्चिम बंगाल में अपनी सरकार बनाने की तैयारी कर रही है। हालांकि उन्होंने आईसीजे में अपील के लिये कहा है, लेकिन कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में घरेलू चुनाव विवादों को भारतीय सुप्रीम कोर्ट और संविधानिक ढांचे के भीतर ही निपटाया जाता है, तथा आईसीजे में जाने का उनका कदम परम्परा -विरोधी और अप्रत्याशित है।

कानूनी विशेषज्ञ कहते हैं कि सामान्यतः किसी देश के आंतरिक घरेलू मामले, जैसे राष्ट्रीय या राज्य चुनाव आईसीजे के अधिकार क्षेत्र में नहीं आते।

# राहुल गांधी को अपना ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

क्या यह सच है कि हूडा परिवार साइड में हो जायेगा या पीछे हट जायेगा।

क्या कांग्रेस अब नए जाट नेतृत्व की तलाश कर रही है?

खुद देश भर में मैराथन पदयात्रा कर चुके राहुल गांधी को उस साथी यात्री के प्रति सहानुभूति है, जिसने अपनी यात्रा में ओले, बारिश और तूफानों का सामना किया लेकिन यात्रा पूरी की। और राहुल वहां हैं, उनका समर्थन करने और उनके साथ खड़े होने के लिए, भले ही पार्टी के अधिकांश लोग इसका खंडन कर रहे हों और कह रहे हों कि वे अकेले हैं। यहां तक कि कांग्रेस द्वारा इस कार्यक्रम के लिए भेजा गया निमंत्रण भी यह नहीं बताता कि राहुल गांधी गुरुग्राम क्यों आ रहे हैं। यह पार्टी के भीतर गहरी पैठ जमा चुके निहित स्वार्थों वाले समूहों में निश्चित रूप से खलबली मचाने वाला है।

# ट्रंप को रोकना ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कोई आपसी सहमति नहीं बन पाई। वहीं सऊदी सूत्रों ने कहा कि क्षेत्र में हालात तेजी से बदल रहे हैं और वे पाकिस्तान द्वारा अमेरिका और ईरान के बीच कराए जा रहे कूटनीतिक प्रयासों का समर्थन करते हैं। इधर ईरान ने भी नरम संकेत दिए हैं। ईरान के पोर्ट्स एंड मैरीटाइम ऑर्गनाइजेशन ने घोषणा की है कि होर्मुज जलडमरूमध्य और आसपास के समुद्री क्षेत्र में संचालित सभी व्यापारिक जहाजों को तकनीकी, मेडिकल और अन्य समुद्री सहायता सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। ईरान ने कहा कि उसका उद्देश्य इस रणनीतिक समुद्री मार्ग में सुरक्षित और स्थिर समुद्री यातायात सुनिश्चित करना है।

# ओडिशा में जीआरपी कांस्टेबल की पीट-पीटकर हत्या

भुवनेश्वर, 07 मई। भुवनेश्वर के बाहरी इलाके में बालीअंटा पुलिस थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना और एक लड़की के साथ यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद भीड़ ने एक पुलिस कांस्टेबल की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान कटक जिले के अदाशपुर क्षेत्र के निवासी 32 वर्षीय सौम्य रंजन स्वैन के रूप में हुई है।

स्वैन ओडिशा पुलिस की सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) शाखा में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। मृतक के परिवार के सदस्यों के अनुसार, सौम्य को पहले निलंबित कर दिया गया था, लेकिन हाल ही में पुलिस ने उन्हें बहाल कर दिया था। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, स्वैन अपने मित्र ओम प्रकाश राउत के साथ भुवनेश्वर की ओर आ रहा थे, तभी उनकी मुलाकात स्कूटर पर सवार दो लड़कियों से हुई।

वाहन को ओवरटेक करते समय, स्वैन की मोटरसाइकिल लड़कियों के स्कूटर से टकरा गई, जिसके बाद बालीअंटा पुलिस थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर में एक पुल के पास दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। इसी बीच, पास के ही एक गांव की रहने वाली लड़कियों की मदद के लिए गांववाले मौके पर पहुंचे।

बाद में उन्होंने स्वैन और उसके मित्र के हाथ-पैर रस्सी से बांधकर उन पर बेरहमी से हमला किया।

# 'विजय का तुरंत ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की आवश्यकता है। अभिनेता-राजनेता कमल हासन ने भी टीवीके का समर्थन किया, और कहा कि 108 सीटें जीतने के बावजूद विजय को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित न करना जनता के मत का ''असम्मान'' होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार गठन और शपथ ग्रहण में कोई भी देरी तमिलनाडु में लोकतंत्र को कमजोर करेगी। चेन्नई से मिली खबरों के अनुसार, अगर राज्यपाल मुख्यमंत्री के रूप में विजय की नियुक्ति में देरी करते हैं, तो विजय सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकते हैं।

# तमिलनाडु में गवर्नर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

समझाया कि तमिलनाडु विधान सभा में सरकार बनाने के लिए आवश्यक बहुमत समर्थन अभी स्थापित नहीं हुआ है।

गुरुवार को ऐसी खबरें भी आईं कि द्रमुक, जिसने 59 सीटें जीती हैं और अन्नाद्रमुक जिसने 47 सीटें जीती हैं, संभवतः हाथ मिलाकर सरकार बना सकते हैं।

पूर्व सांसद और पूर्व अन्नाद्रमुक नेता पी.के.सी. पलानीसामी ने इन खबरों पर सवाल उठाते हुए कहा, ''क्या आपको लगता है कि यह संभव है?

# राज्यपाल ने विधानसभा भंग की, भाजपा विधायक दल की बैठक आज

## शनिवार को कोलकाता में शपथ ग्रहण समारोह में 20 राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे

कोलकाता, 07 मई। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य विधानसभा को भंग करने का आदेश जारी कर दिया है। लोक भवन, पश्चिम बंगाल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद 174(2)(बी) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार जारी किया गया है।

■ राज्यपाल आरएन रवि ने अपने आदेश में कहा कि दो चरणों में चुनाव के बाद पिछली विधानसभा का कार्यकाल पूरा हो गया, इसलिये इसे औपचारिक रुप से भंग करने का निर्णय लिया गया।

जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा को 7 मई 2026 से प्रभावी रूप से भंग कर दिया गया है। यह कदम संवैधानिक प्रावधानों के तहत लिया गया है। लोक भवन की अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 174(2)(बी) के तहत राज्यपाल को प्राप्त अधिकारों के आधार पर लिया गया है।

वर्तमान विधानसभा का गठन मई 2021 में हुआ था, जब तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने ममता बनर्जी के नेतृत्व में राज्य में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की थी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, हाल ही में संपन्न दो चरणों के चुनाव के बाद विधानसभा का कार्यकाल पूरा हो गया, जिसके बाद इसे औपचारिक रूप से भंग करने का निर्णय लिया गया।

इसी प्रकार पश्चिम बंगाल में शनिवार को नए मुख्यमंत्री शपथ लेंगे। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, एनडीए शासित सभी 20 राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, सहयोगी दलों के अध्यक्ष और वरिष्ठ मंत्री शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम कोलकाता के प्रतिष्ठित ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इससे पहले, केंद्रीय पर्यवेक्षक गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में शुक्रवार शाम चार बजे विधायक दल की बैठक में नेता का चयन होगा।

# हैड काउन्टस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वे विधायक नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार, अगर उन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया, तो पार्टी में आंतरिक समस्याएँ और दरारें पैदा हो सकती हैं। गांधी परिवार भी वेणुगोपाल को लेकर एकमत नहीं है। दो ऑब्जर्वर, अजय माकन और मुकुल वासनिक, आज रात केरल से लौटेंगे और कल अपनी रिपोर्ट देंगे। इसके बाद आगे की चर्चा के बाद निर्णय लिया जाएगा।

# 'कांग्रेस ने गठबंधन के साथ विश्वासघात किया'

चैन्नई, 07 मई। तमिलनाडु में चुनावी नतीजों के बाद जारी राजनीतिक हलचल के बीच द्रमुक ने अपनी विधायक दल की बैठक में कई बड़े प्रस्ताव पारित किए। बैठक में पार्टी ने जनता और सहयोगी दलों का धन्यवाद किया, वहीं पार्टी अध्यक्ष एम के स्टालिन पर पूरा भरोसा जताते हुए उन्हें सभी जरूरी राजनीतिक फैसले लेने का अधिकार दे दिया। इसके साथ ही कांग्रेस पर भी तीखा हमला बोला गया। द्रमुक ने साफ कहा कि तमिलनाडु एक और चुनाव के लिए तैयार नहीं है और राज्य को स्थिर सरकार की जरूरत है।

द्रमुक विधायक दल की बैठक में पहला प्रस्ताव तमिलनाडु की जनता और गठबंधन सहयोगियों के धन्यवाद के लिए पारित किया गया। बैठक में दूसरा और सबसे अहम प्रस्ताव एम के स्टालिन को लेकर पारित हुआ। इसमें कहा गया कि मौजूदा राजनीतिक और प्रशासनिक हालात को देखते हुए स्टालिन को तुरंत और जरूरी राजनीतिक फैसले लेने का पूरा अधिकार दिया जाता है। द्रमुक ने तीसरे प्रस्ताव में कांग्रेस पर खुलकर हमला बोला। पार्टी ने कहा कि कांग्रेस ने धर्मनिरपेक्ष और प्रगतिशील गठबंधन से दूरी बनाकर अपने पुराने राजनीतिक चरित्र को फिर दिखाया है।

# जलजीवन मिशन घोटाले में एसीबी ने महेश जोशी को गिरफ्तार किया

## अदालत के पूर्व मंत्री महेश जोशी को 11 मई तक एसीबी के रिमांड पर भेजा

जयपुर, 7 मई। राजस्थान के बहुचर्चित जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को तत्कालीन पीएचईडी मंत्री महेश जोशी को गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने उन्हें जयपुर स्थित आवास से हिरासत में लेकर एसीबी कोर्ट में पेश किया, जहां अदालत ने उन्हें 11 मई 2026 तक एसीबी रिमांड पर भेज दिया।

■ एसीबी की जांच के अनुसार 50 करोड़ रु. से अधिक के टेंडरों में साइट विज़िट बाध्यता को नियमों के विपरीत शामिल किए जाने से बोलीदाताओं की पहचान उजागर हुई तथा टेंडर पूलिंग को बढ़ावा मिला। जिन टेंडरों में अनियमितता सामने आई उनकी कुल राशि 20 हजार करोड़ रुपये के करीब बताई जा रही है।

एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया कि जल जीवन मिशन में हजारों करोड़ रुपए के टेंडरों में व्यापक भ्रष्टाचार, टेंडर फिक्सिंग और फर्जी दस्तावेजों के जरिए अनुचित लाभ पहुंचाने का मामला सामने आया है। जांच में यह भी सामने आया कि फर्जी कार्य पूर्णता प्रमाण पत्रों के आधार पर करीब 960 करोड़ रुपए के टेंडर हासिल किए गए।

गुप्ता ने बताया कि जांच में सामने आया कि मैसर्स श्री गणपति ट्यूबवैल कंपनी के प्रोपराइटर महेश मित्तल और मैसर्स श्री श्याम ट्यूबवैल कंपनी के प्रोपराइटर पदमचंद जैन ने इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के फर्जी प्रमाण पत्र तैयार किए तथा इन दस्तावेजों के आधार पर विभिन्न टेंडर हासिल किए गए।

एसीबी का आरोप है कि तत्कालीन मंत्री महेश जोशी ने तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य सचिव पीएचईडी सुबोध अग्रवाल, मुख्य अभियंताओं, अतिरिक्त मुख्य अभियंताओं, संवेदकों और निजी व्यक्तियों के साथ मिलीभगत कर यह पूरा खेल रचा।

जांच में यह भी सामने आया कि 50 करोड़ रुपए से अधिक के मेजर प्रोजेक्ट्स में साइट विजिट प्रमाण-पत्र की बाध्यता को नियमों के विपरीत निविदाओं में शामिल किया गया। इससे बिड करने वालों की पहचान उजागर हुई और टेंडर पुलिंग को बढ़ावा मिला। एसीबी के अनुसार, इस प्रक्रिया के चलते 30 से 40 प्रतिशत तक अत्यधिक टेंडर प्रीमियम मिला। जिन टेंडरों में अनियमितता सामने आई, उनकी कुल राशि करीब 20 हजार करोड़ रुपए बताई जा रही है।

प्रकरण में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें महेश जोशी तत्कालीन मंत्री पीएचईडी विभाग, सुबोध अग्रवाल सेवानिवृत्त आईएएस एवं तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य सचिव, दिनेश गोयल हाल मुख्य अभियंता प्रशासन, के.डी. गुप्ता हाल मुख्य अभियंता ग्रामीण,सुभांशु दीक्षित तत्कालीन सचिव आरडब्ल्यूएसएसएमटी एवं हाल अतिरिक्त मुख्य अभियंता जयपुर क्षेत्र-द्वितीय, सुशील शर्मा हाल वित्तीय सलाहकार अक्षय ऊर्जा,नीरज कुमार हाल मुख्य अभियंता चूरू, विशाल सक्सेना अधिशासी अभियंता (निलंबित),अरुण श्रीवास्तव अतिरिक्त मुख्य अभियंता (सेवानिवृत्त), डी.के. गौड़ तत्कालीन मुख्य अभियंता एवं तकनीकी सदस्य (सेवानिवृत्त), महेन्द्र प्रकाश सोनी तत्कालीन अधीक्षण अभियंता (सेवानिवृत्त) और मुकेश पाठक सामान्य व्यक्ति शामिल हैं और वहीं इस मामले में मुकेश गोयल तत्कालीन अधीक्षण अभियंता, जितेन्द्र शर्मा, तत्कालीन अधिशासी अभियंता और संजीव गुप्ता सामान्य व्यक्ति फरार हैं। इनके खिलाफ स्थायी वारंट जारी किए जा चुके हैं और उद्घोषित अपराधी घोषित करने की कार्यवाही भी जारी है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908